हरिभूमि

# सागर-चम्बल भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, रविवार 10 मई 2026



04 प्रधानमंत्री का संकल्प कुपोषण मुक्त देश, सभी...





07 एक साल से अटका अशुद्धता के खिलाफ...






## खबर संक्षेप

### सागर एवं मकरोनिया शहरी क्षेत्र में अवैध मदिरा के विरुद्ध कार्यवाही

**सागर।** कलेक्टर प्रतिभा पाल के निर्देशानुसार सहायक आबकारी आयुक्त सागर कीर्ति दुबे के आदेशानुसार अवैध मदिरा विक्रय की शिकायत पर प्राप्त सूचना के आधार पर सागर एवं मकरोनिया शहरी क्षेत्रान्तर्गत गश्त एवं दबिश की कार्यवाही की गई। मकरोनिया क्षेत्र से 16 पाव सागर गोल्ड व्हिस्की एवं मकरोनिया वार्ड नंबर 3 से 12 पाव सागर गोल्ड व्हिस्की बरामद होने से 2 न्यायालयीन प्रकरण म. प्र. आबकारी अधिनियम की धारा 34,1 के तहत पंजीबद्ध किये गए। विभाग द्वारा निरंतर गश्त की जा रही है। आगे भी अवैध मदिरा के विरुद्ध निरंतर कार्यवाही जारी रहेगी।

### ज्ञानोदय आवासीय विद्यालय तिली में प्रवेश के लिए आवेदन आमंत्रित

**सागर।** अनुसूचित जाति विकास विभाग मध्यप्रदेश भोपाल द्वारा संचालित सीबीएसई बोर्ड से संबद्ध शासकीय ज्ञानोदय आवासीय विद्यालय तिली, सागर में शैक्षणिक सत्र 2026-27 हेतु विभिन्न कक्षाओं में रिक्त सीटों पर प्रवेश के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। विद्यालय प्रबंधन द्वारा जारी सूचना के अनुसार इच्छुक छात्र-छात्राएं 30 मई 2026 तक आवेदन कर सकते हैं। विद्यालय में कक्षा 7वीं, 8वीं, 9वीं एवं 11वीं में रिक्त सीटों पर प्रवेश दिया जाएगा। जारी विवरण के अनुसार कक्षा 7वीं में कुल 24, कक्षा 8वीं में 11, कक्षा 9वीं में 8 तथा कक्षा 11वीं में 87 सीटें उपलब्ध हैं। प्रवेश प्रक्रिया में अनुसूचित जाति एवं अन्य वर्गों के छात्र-छात्राओं के लिए अलग-अलग सीटें निर्धारित की गई हैं। प्रवेश हेतु छात्र-छात्राओं का मध्यप्रदेश का मूल निवासी होना अनिवार्य है। साथ ही पूर्व कक्षा में न्यूनतम 'बी' ग्रेड अथवा 60 प्रतिशत अंकों के साथ उत्तीर्ण होना आवश्यक रहेगा। आवेदन पत्र विद्यालय कार्यालय समय में निःशुल्क प्राप्त एवं जमा किए जा सकते हैं।

### कलेक्टर के निर्देश पर चना, मसूर एवं गेहूं खरीदी केंद्रों का निरीक्षण

**सागर।** कलेक्टर प्रतिभा पाल के निर्देश पर राजस्व अधिकारियों द्वारा बीना विकासखंड क्षेत्र अंतर्गत पिपरासर, बीना ईटावा, कंजिया, रामपुर एवं भानगढ़ सहित अन्य खरीदी केंद्रों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण में नायब तहसीलदार श्री हेमराज मेहर, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी अवधेश राय, संबंधित समिति प्रबंधक एवं नोडल अधिकारी उपस्थित रहे। निरीक्षण के दौरान सभी समितियों को निर्देशित किया गया कि किसानों से चना एवं मसूर की खरीदी समय पर सुनिश्चित की जाए तथा खरीदे गए माल का शीघ्र परिवहन कराया जाए। किसानों की फीडिंग समय पर की जाए ताकि उनके भुगतान में किसी प्रकार की देरी न हो और उन्हें तत्काल भुगतान प्राप्त हो सके। समिति प्रबंधकों को यह भी निर्देशित किया गया कि वे अपने-अपने केंद्रों पर छायादार व्यवस्था या टेंट की उचित व्यवस्था करें, साथ ही पेयजल हेतु पानी के टैंकर की व्यवस्था सुनिश्चित करें। खरीदी कार्य को निर्धारित स्लॉट बुकिंग के अनुसार समय पर पूर्ण करने के निर्देश भी दिए गए।

### सार्वजनिक स्थलों को गंदा करने वालों पर सख्त कार्रवाई के निर्देश

**सागर।** स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 के अंतर्गत नगर निगम द्वारा शहर को स्वच्छ, सुंदर एवं आकर्षक बनाने की दिशा में विशेष पहल की गई है। नगर निगम आयुक्त राजकुमार खत्री के निर्देशानुसार शहर के विभिन्न सार्वजनिक स्थलों, डिवाइडर, प्रमुख मार्गों, चौराहों एवं दीवारों की पुताई कराकर उन पर आकर्षक चित्रकारी एवं स्वच्छता संबंधी संदेश अंकित किए जा रहे हैं, जिससे नागरिकों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया जा सके।

---

समाज उत्थान, शिक्षा, युवाओं के भविष्य और संगठन विस्तार को लेकर हुई विस्तृत चर्चा

# मंत्री गोविंद सिंह राजपूत से मध्य प्रदेश कुश समाज कल्याण के नव नियुक्त अध्यक्ष प्रभुदयाल पटेल की सौजन्य भेंट

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर



खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविंद सिंह राजपूत के निज निवास 'मातेश्वरी' पर मध्य प्रदेश कुश समाज कल्याण के नव नियुक्त अध्यक्ष प्रभुदयाल पटेल ने अपने साथियों सहित सौजन्य भेंट कर आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर समाज हित, संगठन सशक्तिकरण तथा युवाओं के विकास से जुड़े विभिन्न विषयों पर विस्तार से चर्चा हुई। भेंट के दौरान प्रभुदयाल पटेल ने मंत्री राजपूत को संगठन की भावी योजनाओं, समाज के उत्थान हेतु किए जा रहे प्रयासों तथा प्रदेशभर में समाज को संगठित करने की कार्ययोजना से अवगत कराया। वहीं मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने समाज के सर्वांगीण विकास के लिए शिक्षा, सामाजिक एकता और युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने की आवश्यकता पर जोर दिया।

मंत्री राजपूत ने कहा कि किसी भी समाज की प्रगति का आधार शिक्षा, संगठन और सामाजिक समरसता होती है। समाज के युवाओं को आधुनिक शिक्षा, तकनीकी ज्ञान और रोजगारोन्मुखी अवसरों से जोड़ना समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार सभी वर्गों के विकास के लिए प्रतिबद्ध है और समाज के उत्थान के लिए सकारात्मक पहल लगातार जारी है। उन्होंने यह भी कहा कि सामाजिक संगठनों की सक्रिय भागीदारी से समाज में जागरूकता बढ़ती है तथा नई पीढ़ी को आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलती है। मंत्री श्री राजपूत ने नव नियुक्त अध्यक्ष प्रभुदयाल पटेल को नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं देते हुए उनके सफल कार्यकाल की कामना की।

बैठक के दौरान समाज के विद्यार्थियों के लिए बेहतर शैक्षणिक सुविधाएं, युवाओं के कौशल विकास, सामाजिक कार्यक्रमों के आयोजन, संगठन विस्तार तथा समाज के जरूरतमंद लोगों तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने जैसे विषयों पर भी चर्चा की गई। प्रभुदयाल पटेल ने कहा कि समाज के सहयोग और वरिष्ठजनों के मार्गदर्शन से संगठन को और अधिक मजबूत बनाया जाएगा तथा समाज के हर वर्ग को साथ लेकर कार्य किया जाएगा।भेंट के दौरान समाज के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं में विशेष उत्साह देखने को मिला। उपस्थित लोगों ने मंत्री गोविंद सिंह राजपूत के समाज हितैषी दृष्टिकोण और सहयोगात्मक भावना की सराहना की। इस अवसर पर बड़ी संख्या में समाजजन एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



## 54 लीटर अवैध शराब जब्तः पुलिस को देख भागा आरोपी, घेराबंदी कर शराब तस्कर को दबोचा

**खुरई।** शहरी पुलिस ने गुरुवार देर शाम खजरा हरचंद रोड पर 54 लीटर अवैध शराब के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। जब्त शराब की अनुमानित कीमत 30 हजार रुपए बताई जा रही है। शहरी थाना प्रभारी योगेंद्र सिंह दांगी ने बताया कि प्रधान आरक्षक राजा वेदी को मुखबिर से सूचना मिली थी। सूचना के अनुसार, खजरा हरचंद रोड पर ईंट भट्टों के सामने एक शख्स दो बोरियों में बड़ी मात्रा में अवैध शराब बेचने के लिए ग्राहक तलाश रहा था। सूचना मिलते ही पुलिस टीम तत्काल मौके पर पहुंची और घेराबंदी की। पुलिस को देखते ही संदिग्ध व्यक्ति ने भागने का प्रयास किया, लेकिन सतर्क पुलिसकर्मियों ने उसे तुरंत पकड़ लिया। पूछताछ में आरोपी की पहचान गोविंद पिता शंकर रैकवार (25), निवासी ग्राम खजरा हरचंद, थाना खुरई शहर के रूप में हुई। तलाशी के दौरान उसके कब्जे से दो बोरियों में रखी 300 पाव देशी लाल मसाला शराब बरामद हुई, जिसकी कुल मात्रा 54 लीटर थी। इस कार्रवाई में सहायक उपनिरीक्षक पदम सिंह, प्रधान आरक्षक राजा बेदी, महिपाल सिंह, मुन्नालाल, जोगेन्द्र सिंह, राजेश पटेल, आरक्षक देवेन्द्र यादव, महेश नामदेव, धीरेन्द्र राजावत, भानू गुर्जर, धर्मदास, सोनू और दिनेश सहित अन्य पुलिसकर्मी शामिल रहे।





## गढाकोटा में लोक अदालत में मुस्कान के साथ सुलझा वैवाहिक विवाद

**गढाकोटा।** सागर जिले के गढाकोटा में लोक अदालत में एक वैवाहिक विवाद का सुखद और सौहार्दपूर्ण समाधान हो गया। दोनों पक्षों ने आपसी समझदारी दिखाते हुए पुराने मतभेद भुलाकर समझौते का रास्ता अपनाया और मामले का खुशी-खुशी निपटारा हो गया। यह समझौता प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश महेश शर्मा के मार्गदर्शन तथा अतिरिक्त सिविल न्यायाधीश (जूनियर डिवीजन) अम्बर श्रीवास्तव की उपस्थिति में संभव हुआ। आवेदक पक्ष के अधिवक्ता विवेक भगवत एवं अनावेदक पक्ष के अधिवक्ता हेमराज प्रजापति के सहयोग से दोनों पक्षों के बीच सकारात्मक चर्चा हुई और अंततः विवाद का सौहार्दपूर्ण समाधान निकल आया। मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय के मार्गदर्शन में आयोजित लोक अदालत का उद्देश्य भी यही है कि आपसी संवाद और समझदारी से विवादों का त्वरित और सरल समाधान हो सके,जिससे न्याय के साथ-साथ सामाजिक सौहार्द भी बना रहे। इस अवसर पर अधिवक्ता संघ गढ़ाकोटा के अध्यक्ष जमील कुरैशी एवं अन्य सभी अधिवक्ता गण उपस्थित रहे,लोक अदालत में अधिवक्ता विवेक भागवत का विशेष सहयोग रहा।

## जहां होता है हरिनाम संकीर्तन, वहीं पर होता है भगवान का वासः कथा ब्यास

हरिभूमि न्यूज ⏭ रहली



स्थानीय देवलिया मंदिर में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के सातवें दिन श्रोताओं की भारी भीड़ उमड़ी। कथा के अंतिम पड़ाव पर कथा व्यास ने भगवान कृष्ण और उनके अनन्य मित्र सुदामा के मार्मिक प्रसंग का वर्णन किया। इस दौरान उन्होंने जोर देकर कहा कि कलियुग में मुक्ति का केवल एक ही मार्ग है हरिनाम संकीर्तन।

### संकीर्तन की महिमा पर विशेष जोर

कथा व्यास ने सुदामा चरित्र के माध्यम से बताया कि भगवान धन-दौलत के नहीं, बल्कि भाव और कीर्तन के भूखे हैं। जहाँ-जहाँ प्रभु के नाम का संकीर्तन होता है, वहाँ स्वयं भगवान प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से वास करते हैं। हरिनाम की गूंज से न केवल मन शुद्ध होता है, बल्कि घर-परिवार की नकारात्मक ऊर्जा का भी नाश होता है।

सुदामा की दरिद्रता और उनकी अटूट भक्ति का प्रसंग सुनाते हुए कथा व्यास ने बताया कि सुदामा ने कभी कुछ मांगा नहीं, लेकिन भगवान ने उनके संकीर्तन और अटूट विश्वास को देखकर उन्हें तीनों लोकों की संपदा सौंप दी। उन्होंने भक्तों से आह्वान किया कि वे अपने दैनिक जीवन में कम से कम 10 मिनट प्रभु का नाम संकीर्तन अवश्य करें।

### भजन पर झूमे श्रद्धालु

कथा के दौरान जब 'श्री कृष्ण गोविंद हरे मुरारी' और 'हरे राम हरे कृष्णा' का महामंत्र गूंजा, तो पूरा मंदिर परिसर भक्तिमय हो गया। श्रद्धालु अपने स्थानों पर खड़े होकर नाचने लगे। कथा विश्राम पर श्रीमद्भागवत के अंतिम श्लोक की व्याख्या करते हुए सभी से श्लोक का वाचन कराया नामसंकीर्तनं यस्य सर्वपाप प्रणाशनम । प्रणामो दुःखशमनस्तं नमामि हरिं परम ॥ श्रीमद्भागवत का समापन इस सुंदर प्रार्थना के साथ होता है, जो यह संदेश देती है कि कलियुग में भगवद-नाम का आश्रय ही परम कल्याणकारी है।

## 20 बड़े बिजली बकायादारों की सूची जारीः 15 तक बिल जमा न करने पर कनेक्शन कटेगा

**खुरई।** ग्रामीण विद्युत वितरण केंद्र ने बिजली बिल बकायादारों के खिलाफ सख्त कार्रवाई शुरू कर दी है। केंद्र ने 20 बड़े बकायादार उपभोक्ताओं की सूची जारी की है, जिन पर 5 लाख रुपए से अधिक का बिल बकाया है। इन उपभोक्ताओं ने कई महीनों से बिल जमा नहीं किया है। खुरई ग्रामीण विद्युत केंद्र के कनिष्ठ अभियंता राहुल सिंह ठाकुर ने बताया कि मध्य प्रदेश सरकार की समाधान योजना 2025-26 उपभोक्ताओं को राहत प्रदान कर रही है। इस योजना के तहत तीन महीने से अधिक पुराने बिजली बिलों पर 50 से 100 प्रतिशत तक की छूट मिल रही है। उपभोक्ता एकमुश्त भुगतान पर अधिकतम छूट या छह आसान किस्तों में भुगतान का विकल्प चुन सकते हैं। ठाकुर ने बताया कि योजना का लाभ उठाने की अंतिम तिथि 15 मई निर्धारित अवसर का लाभ उठाकर अपने पुराने बिलों का भुगतान करें। यह योजना उपभोक्ताओं को राहत देने और बकाया राशि को की गई है। विभाग ने बकायादारों से अपील की है कि वे इसे समाप्त करने के उद्देश्य से शुरू की गई है। बिजली कंपनी ने चेतावनी दी है कि 15 मई के बाद बिल जमा न करने वाले उपभोक्ताओं के बिजली कनेक्शन काट दिए जाएंगे। इसके अतिरिक्त, विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 138 के तहत कानूनी कार्रवाई भी की जाएगी। विभाग ने यह भी स्पष्ट किया है कि लगातार बकाया न चुकाने वाले उपभोक्ताओं की संपत्ति भू-राजस्व वसूली प्रक्रिया के तहत कुर्क की जा सकती है। अधिकारियों ने ग्रामीण उपभोक्ताओं से अंतिम तिथि का इंतजार न करते हुए जल्द से जल्द योजना का लाभ लेने और बिल जमा करने की अपील की है।

## नवागत पुलिस अधीक्षक से मुलाकात कर कानून व्यवस्था पर चर्चा करेंगे मनी सिंग

**सागर।** मध्य प्रदेश शिवसेना राज्य संगठक मनी सिंग गुरोन पिछले कुछ दिनों से ज़्यादा चर्चाओं में है, वजह है उनके द्वारा निजी अस्पतालों की मनमानी और लापरवाही के खिलाफ मोर्चा खोलना। मनी सिंग ने बीते दिनों जिला कलेक्टर से मुलाकात कर निजी अस्पतालों की मनमानी और लापरवाही के खिलाफ सख्त कार्यवाही करने हेतु कलेक्टर सागर से चर्चा की थी। इस चर्चा के परिणाम स्वरूप जिला प्रशासन द्वारा एक आदेश जारी कर दिया गया जिसमें जांच और कार्यवाही का उल्लेख किया गया है। मनी सिंग अब सागर के नवागत पुलिस अधीक्षक अनुराग सुजानिया से मुलाकात कर शहर सहित मकरोनिया क्षेत्र में चल रहे अनैतिक कारोबारों और अपराध पर नकेल कसने पर चर्चा कर सकते हैं। मनी सिंग का कहना है की शहर सहित मकरोनिया क्षेत्र में अवैध कारोबार, चोरियां कटरबाज और अन्य अपराध चरम पर है। स्थानीय पुलिस की लचर कार्य प्रणाली और कर्तव्य के प्रति लापरवाही के चलते इन अवैध कारोबारीयो के हौसले बुलंद हैं। जिन पर नकेल कसना बेहद जरूरी है। मनी सिंग के मुताबिक जितना मकरोनिया विकसित हो रहा है उससे कही ज्यादा अपराध और अवैध कारोबार में इजाफा हुआ है। इन्हीं सब विषयों को लेकर वह जल्द ही सागर पुलिस कप्तान से रूबरू होने वाले हैं।मनी सिंह का कहना है कि अब शिवसेना चुप नहीं बैठेगी और हर अनैतिक कार्यों के खिलाफ जमकर आवाज उठाई जाएगी।

## 7 मप्र गर्ल्स बटालियन का वार्षिक शिविर एटीसी कैंप 17 तक लगेगा



**सागर।** कार्यालय 7 म.प्र. बालिका बटालियन एन सी सी, सागर में 10 दिवसीय वार्षिक प्रशिक्षण शिविर का आयोजन 08 मई से 17 मई तक एस.व्ही.एन. यूनिवरसिटी सिरोजा में संपन्न किया जा रहा है। शिविर कैम्प कमांडेट कर्नल सुजीत डी देशमुख, डिप्टी कैम्प कमांडेट मेंजर प्रतिभा तिवारी के नेतृत्व में चलाया जा रहा हैं शिविर में लगभग 500 एनसीसी सीनियर विंग, सीनियर तथा जूनियर विंग, कैडेट्स भाग ले रहे हैं। कैडेट्स इस शिविर में फायरिंग, ड्रिल, मैप रीडिंग टैन्ट पिचिंग, पीटी, योगा के साथ सामायिक विषयों का भी अध्ययन कर रहे हैं। शिविर में एनसीसी कैडेट्स की प्रतिभा को निखारने के लिए वाद विवाद प्रतियोगिता, सामूहिक नृत्य, नाटक, पेंटिग स्लोगन रंगोली आदि प्रतियोगिता में प्रतिभागिता करने का अवसर प्राप्त होगा। एनसीसी कैडेट्स को एनसीसी 'ए' 'बी' एवं 'सी' सार्टिफिकिट परीक्षा में सम्मिलित होने के लिए वार्षिक प्रशिक्षण शिविर करना अनिवार्य होता हैं.. इस प्रशिक्षण के माध्यम से कैडेट्स में आपसी मेल एकता की भावना, अनुशासन एवं देश प्रेम की भावना जागृत होती हैं। प्रशिक्षण शिविर के पश्चात एनसीसी कैडेट्स में साहस, विश्वास एवं आत्मविश्वास जागृत होना स्वाभाविक प्रक्रिया है जो कि उन्हे भविष्य में सभी आयामों में संघर्षरत रहते हुए सफल बनाने में अहम भूमिका निभाती हैं। आज शिविर का औपचारिक शुभारंभ डिप्टी कैंप कमांडेट मेजर प्रतिभा तिवारी के संबोधन से किया गया जिसमें सभी कैडेट एडम सूवेदार मेजर धनत्तर सिंह, प्रशिक्षण सूवेदार मेंजर सतीश कुमार एवं समस्त पी आई स्टाफ, एएनओ कैप्टन नेहा जैन, ले. अर्चना पांडे, ले. दीपाली मशीह, ले. कीर्ति रैकवार, फर्स्ट ऑफीसर स्मिता मिश्रा फर्स्ट ऑफीसर कमला कारपेन्टर, एवं सिविल स्टाफ भी सम्मिलित रहे। और कैडेटो के फायरिंग की शुरुआत भी कैम्प कमांडेट कर्नल सुजीत डी देशमुख के द्वारा की गई।

## जनगणना 2027 के प्रथम चरण अंतर्गत आवास गणना कार्यों की प्रगति की विस्तृत समीक्षा

**खुरई।** भारत सरकार द्वारा जारी जनगणना 2027 के प्रथम चरण अंतर्गत जारी आवास गणनाकार्यों की प्रगति की विस्तृत समीक्षा जनगणना चार्ज अधिकारी एवं मुख्य नगरपालिका अधिकारी राजेश मेहतेले द्वारा की गई। इस दौरान उन्होंने नगर के विभिन्न वार्डों में संचालित गणना कार्यों का निरीक्षण करते हुए संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। राजेश मेहतेले ने कहा कि जनगणना कार्य शासन की अत्यंत महत्वपूर्ण एवं संवेदनशील प्रक्रिया है, जिसके माध्यम से देश की वास्तविक जनसंख्या, आवासीय स्थिति एवं सामाजिक-आर्थिक आंकड़ों का संकलन किया जाता है। उन्होंने सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आपसी समन्वय स्थापित करते हुए तकनीकी सहयोग के साथ निर्धारित समय-सीमा में कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। दायित्वों का गंभीरता एवं पारदर्शिता के साथ निर्वहन करें, जिससे किसी भी प्रकार की त्रुटि की संभावना न रहे। समीक्षा के दौरान जनगणना अधिकारियों, पर्यवेक्षकों, प्रगणकों एवं फील्ड स्टाफ सुपरवाइजरों को निर्देशित किया गया कि वे प्रतिदिन अपने क्षेत्र में किए गए कार्यों की मॉनिटरिंग सुनिश्चित करें एवं दैनिक प्रगति प्रतिवेदन नियमित रूप से प्रस्तुत करें। गणना कार्य के दौरान प्रत्येक भवन, परिवार एवं नागरिक की जानकारी का सही एवं व्यवस्थित रूप से संधारण किया जाना आवश्यक है, ताकि शासन को सटीक एवं विश्वसनीय आंकड़े प्राप्त हो सकें।



## भारतीय ज्ञान परंपरा से शोध को नई ऊंचाइयां दी जा सकती हैं : प्रो दिवाकर सिंह राजपूत

**सागर।** भारतीय ज्ञान परम्परा की समृद्ध विरासत से हमारी शिक्षा प्रणाली को एक सार्थक आधार मिला है। संस्कृति और विरासत को संजोने संवारने में भारतीय ज्ञान परम्परा की भूमिका बेहद महत्वपूर्ण सिद्ध है। वसुधैव कुटुम्बकम और विश्व कल्याण के साथ वैज्ञानिक विकास हमारी ज्ञान परम्परा में देखे जा सकते हैं। आज उच्च शिक्षा के क्षेत्र में नवीन शोध के लिए हमें अपनी जड़ों की ओर ध्यान देना होगा ये विचार दिये प्रोफेसर दिवाकर सिंह राजपूत ने एक विशेष व्याख्यान कार्यक्रम में। डॉ हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय सागर के डॉयरेक्टर ऑफ अकादमिक अफेयर्स प्रो दिवाकर सिंह राजपूत ने बालाघाट स्थित सरदार पटेल यूनिवर्सिटी में विशेष व्याख्यान माला के अंतर्गत वहाँ के फैकल्टी सदस्यों को संबोधित किया। प्रोफेसर राजपूत ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति, भारतीय ज्ञान परम्परा एवं शोध के नये आयामों पर चर्चा करते हुए कहा कि शिक्षा हमेशा राष्ट्र निर्माण एवं विश्व कल्याण के लिए होनी चाहिए। उन्होंने शिक्षकों की जिज्ञासाओं का भी समाधान किया।प्रोफेसर राजपूत ने सरदार पटेल यूनिवर्सिटी के कुलाधिपति इंजीनियर दिवाकर सिंह को डॉ गौर की जीवनी भेंट की। प्रोफेसर राजपूत ने कुलाधिपति इंजीनियर दिवाकर सिंह और कुलपति प्रो बिपल्लव पॉल से विभिन्न अकादमिक पहलुओं पर विस्तृत चर्चा की।

---

राहतगढ़ मंडी एवं गेहूं उपार्जन केंद्र बरखेड़ी सड़क का किया औचक निरीक्षण, पीड़ितों के लिए उठाई मांग

# जिलाध्यक्ष भूपेंद्र मुहासा ने खरीद केंद्रों किसानों की समस्याओं को जाना

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर



जिला कांग्रेस कमेटी सागर ग्रामीण के अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह मोहासा ने राहतगढ़ मंडी एवं गेहूं उत्पादन केंद्र बेरखेड़ी सड़क का औचक निरीक्षण किया। मोहासा स्वयं मैदान में पहुंचकर व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए तुलाई, खरीदी एवं अन्य व्यवस्थाओं की विस्तार से जानकारी प्राप्त की। राहतगढ़ में किसानों ने बताया कि हम लोग बहुत परेशान हैं, उपार्जन केंद्र बेरखेड़ी सड़क मे अनाज से भरे सैकड़ो ट्रैक्टर लाइन से खड़े हैं उपार्जन केंद्र का गेट बंद है तोले बंद है। ट्रैक्टरो को जिला अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह मोहासा नें उपार्जन केंद्र के गेट खोलकर अंदर कराये।ब रखेड़ी सड़क में किसानों ने कहा हम परेशान हैं 6 से 7 दिन हो गए तुलाई नहीं हुई।

जिलाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह मोहासा ने प्रशासन से मांग की कि तुलाई में पूर्ण पारदर्शिता अपनाई जाए एवं बारिश से पहले खरीदी पूर्ण की जाए। यदि किसानों की फसल बारिश में खराब होती है तो कौन जिम्मेदार है, प्रशासन को गंभीरता से खरीदी केदो पर निगाहें रखनी होगी। दुर्भाग्य है कि यह क्षेत्र खाद्य मंत्री का विधानसभा क्षेत्र है और उनकी विधानसभा में किसान जब इतना परेशान है तो बाकी प्रदेश का तो भगवान ही मालिक है।औचक निरीक्षण में कांग्रेस के विधानसभा प्रभारी यशवंत राजपूत ने कहा कि भाजपा की सरकार किसानों की घोर विरोधी सरकार है यह सिर्फ व्यापारियों का हित सोचती है। वरिष्ठ नेता नीरज शर्मा नें कहा कि अन्नदाताओ के साथ नाइंसाफी की गई तो सुरखी विधानसभा में जगह जगह आंदोलन किया जाएगा।

कांग्रेस नेता राजकुमार धनोरा नें कहा कि खाद्य मंत्री के ही क्षेत्र में किसानो की ऐसी दुर्दशा है कि खरीद केंद्र के बाहर ट्रैक्टर कि लाइन लगी है और मंत्री को खबर तक नहीं तुलाई एक सप्ताह सें नहीं हुई, वारिश में अनाज खराब हो जाए, मंत्री को कोई मतलब नहीं ।

नगर परिषद अध्यक्ष गोलू राय, पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष भाई लाल मियां कुरैशी, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष राहतगढ़ राजू पटेल, पार्षद अनिल ताम्रकार, पार्षद सलाम कुरैशी, पार्षद रुस्तम शाह, रईस कुरैशी, राजकिशोर दुबे, रामस्वरूप ठाकुर, जित्तू खरी, रवि राय,सादाब मंसूरी, दीपक मिश्रा, फहीम कुरैशी, शोएब कुरैशी, अबू हुरैरा कुरैशी,राजपाल ठाकुर, डब्बू अवस्थी, पराग जैन, सुनील यादव सहित बड़ी संख्या में किसान एवं कांग्रेस जन मौजूद थे।

## खबर संक्षेप

### 1.810 किलो अवैध गांजा समेत शातिर गिरफ्तार

**ललितपुर**। जनपद में मादक पदार्थों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना नाराहट पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए 1.810 किलोग्राम अवैध गांजा के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर न्यायालय में पेश किया गया। पुलिस अधीक्षक मो. मुश्ताक के निर्देशन तथा अपर पुलिस अधीक्षक कालू सिंह के निकट पर्यवेक्षण में अवैध शराब एवं मादक पदार्थों के खिलाफ विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में थाना नाराहट पुलिस ने कार्रवाई करते हुए थाना नाराहट के मोहल्ला कवराटा निवासी भागीरथ पुत्र खलकू को गिरफ्तार किया। तलाशी के दौरान आरोपी के कब्जे से 1.810 किलोग्राम अवैध गांजा बरामद किया गया। पुलिस के अनुसार बरामदगी के आधार पर आरोपी के खिलाफ थाना नाराहट में अभियोग पंजीकृत किया गया है। गिरफ्तारी के बाद आरोपी को न्यायिक अभिरक्षा में न्यायालय भेज दिया गया। आरोपी का आपराधिक इतिहास भी सामने आया है। पुलिस अभिलेखों के अनुसार आरोपी के खिलाफ पहले भी कई आपराधिक मामले दर्ज हैं।

### एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन 12 मई को

**ललितपुर** । जिला सेवायोजन कार्यालय परिसर, गोविन्द नगर जनपद-ललितपुर में एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन 12 मई को प्रातः 10:30 बजे किया जा रहा है। रोजगार मेले में 1-फ्रीडम एम्प्लाइबिलिटी एकेडमी, लखनऊ द्वारा टीचर पद हेतु 40 रिक्तियां 2-भारतीय जीवन बीमा निगम ललितपुर में सिटी कॅरियर एजेंट, रूलर कॅरियर एजेंट एवं महिला कॅरियर एजेंट पद हेतु 50 रिक्तियां 3-पुखराज हेल्थ केयर प्रालि में फील्ड एक्जीक्यूटिव पद हेतु 50 रिक्तियों पर भर्ती की जा रही है। साथ ही अन्य कम्पनियॉ भी प्रतिभाग कर सकती हैं। जिसमे शैक्षिक योग्यता हाईस्कूल, इण्टरमीडिएट, स्नातक, में उत्तीर्ण अभ्यर्थियों की आवश्यकता है। रोजगार मेले में सम्मिलित होने व साक्षात्कार हेतु अभ्यर्थियों को अपना पंजीयन रोजगार संगम पोर्टल पर जॉबसीकर के रूप में कराना होगा। जिसमें जनपद के सभी युवक/युवतियां रोजगार के अवसर जानने हेतु प्रतिभाग कर सकते हैं। इसके साथ सभी को सूचित किया जाता है कि जिला सेवायोजन कार्यालय, ललितपुर के माध्यम से आयोजित होने वाले रोजगार मेलों में कम्पनियों द्वारा चयन प्रक्रिया पूर्णतः निशुल्क होती है, जिसमें अभ्यर्थियों से नियुक्ति से पहले या बाद में किसी प्रकार के रुपये, सिक्योरिटी डिपोजिट की डिमांड नही की जाती है। अभ्यर्थी जिला सेवायोजन कार्यालय आकर संपर्क कर सकते हैं।

### परेड में एसपी ने परखी व्यवस्थाएं

**ललितपुर**। पुलिस अधीक्षक मो. मुश्ताक ने शुक्रवार को रिजर्व पुलिस लाइन में आयोजित साप्ताहिक परेड की सलामी लेकर निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने परेड की ड्रिल, अनुशासन, ड्रेस कोड और जवानों के तालमेल का बारीकी से अवलोकन कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। परेड निरीक्षण के बाद एसपी ने रिजर्व पुलिस लाइन स्थित शस्त्रागार, परिवहन शाखा, भोजनालय, क्वार्टर गार्ड, कैंटीन और कंट्रोल रूम सहित विभिन्न शाखाओं का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान साफ-सफाई, अभिलेखों के रख-रखाव और उपलब्ध संसाधनों की स्थिति की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को व्यवस्थाएं और बेहतर करने के निर्देश दिए। इसके अलावा डायल-112 के पीआरवी वाहनों का भी निरीक्षण किया गया। इस दौरान वाहनों की साफ-सफाई, वायरलेस सेट, जीपीएस ट्रैकर, टैब/मोबाइल और अन्य आपातकालीन उपकरणों की कार्यशीलता को परखा गया। एसपी ने पीआरवी स्टाफ को आमजन के प्रति संवेदनशील, संयमित और सेवा भाव के साथ कार्य करने के निर्देश देते हुए रिस्पॉन्स टाइम को और बेहतर बनाने पर जोर दिया। निरीक्षण के बाद आयोजित अर्दली रूम में विभागीय रजिस्टरों का अवलोकन किया गया तथा संबंधित शाखा प्रभारियों को निर्देश दिए।

### जनपद दौरे में राज्य मंत्री ने मुख्य सेविकाओं को स्मार्ट फोन बांटे

# प्रधानमंत्री का संकल्प कुपोषण मुक्त देश, सभी मिलकर करें साकारः मौर्य



हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

उत्तर प्रदेश सरकार की महिला कल्याण, बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग की मंत्री बेबी रानी मौर्य ने जिले में आकर विभाग द्वारा चलायी जा रही योजनाओं की गहन समीक्षा की, वहीं उन्होंने आंगनबाड़ी केन्द्रों को और हाईटेक बनाने के लिए मुख्य सेविकाओं को स्मार्ट फोन वितरित किये तथा पोषण अभियान के तहत गर्भवती महिलाओं की गोद भराई एवं 6 माह पूर्ण कर चुके बच्चों का अन्नप्राशन कराया।

इस अवसर पर राज्य मंत्री मनोहल लाल पंथ, सदर विधायक रामरतन कुशवाहा, जिलाध्यक्ष हरीशचन्द्र रावत सहित लक्ष्मी रावत, चन्द्रशेखर पंथ, गौरव गौतम की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम में जिलाधिकारी सत्य प्रकाश, पुलिस अधीक्षक मो मुश्ताक, मुख्य विकास अधिकारी शेषनाथ चौहान ने मंत्री जी सहित अन्य जनप्रतिनिधियों का बुके भेंट कर स्वागत किया। मंत्री ने जिले में पहुंचते ही महिलाओं एवं बच्चों के स्वास्थ्य को लेकर अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की और कहा कि सरकार महिलाओं एवं बच्चों के स्वास्थ्य के प्रति बेहद गंभीर है। जिस देश की महिलाएं और बच्चे स्वस्थ होंगे, वह देश विकास के शिखर को छुएगा। उन्होंने कहा कि आज के दौरे का मुख्य उद्देश्य आंगनबाड़ी केन्द्रों को हाईटेक बनाने की दिशा में कदम बढ़ाना है, जिससे हमारी माताओं, बहनो और नन्हे बच्चों को अच्छा स्वास्थ्य मिले और वे भी अपनी पूरी शक्ति के साथ देश के विकास में अपनी भागीदारी निभा सकें। उन्होंने कहा कि प्रदेश में पोषण अभियान के तहत हर आंगनबाड़ी केन्द्र पर स्मार्ट फोन वितरित किये जा रहे हैं, जिससे अब आंगनबाड़ी केन्द्र और हाईटेक हो सकेंगे और पहले से ज्याद बेहतर सेवाएं दे सकेंगे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री का संकल्प है कि देश से कुपोषण को पूरी तरह समाप्त करना है, जिसके लिए वे पूरी तत्परता से कार्य कर रहे हैं। हम सभी को मिलकर प्रधानमंत्री के इस संकल्प को साकार करना है और देश को कुपोषण मुक्त बनाना है।



इसके उपरान्त उन्होंने सर्किट हाउस में आंगनबाड़ी केन्द्रों की मुख्य सेविकाओं को स्मार्ट फोन वितरित किये तथा पोषण अभियान के तहत गर्भवती महिलाओं की गोद भराई एवं 06 माह पूर्ण कर चुके बच्चों का अन्नप्राशन कराया। उन्होंने इन नन्हे बच्चों को कृष्ण का अवतार बनाते हुए माताओं से कहा कि इनका लालन-पालन बहुत ध्यान से करें, इन्हें अच्छे संस्कार दें और देश की सेवा के लिए तैयार करें। मंत्री ने जिला प्रोबेशन अधिकारी और जिला कार्यक्रम अधिकारी से उनके विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की समीक्षा की, जिसमें जिला प्रोबेशन अधिकारी नन्दलाल द्वारा नारी सशक्तिकरण एवं बाल विकास के लिए सरकार द्वारा चलायी जा रही योजनाओं के क्रियान्वयन की स्थिति को बताया, जिसमें मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना, बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ कार्यक्रम, निराश्रित महिला पुनर्विवाह, दहेज उत्पीड़न में महिला को आर्थिक एवं कानूनी सहायता, घरेलू महिला हिंसा अधिनियम, कार्यस्थल पर महिलाओं का लैंगिग उत्पीड़न, जिला बाल कल्याण संरक्षण समिति सहित अन्य सभी योजनाओं में संतोषजनक प्रगति बताई गई, तो वही जिला कार्यक्रम अधिकारी ने पोषण अभियान से लेकर पोषाहार वितरण, आंगनबाड़ी केन्द्र निर्माण तक की सभी योजनाओं के बारे में बताया। योजनाओं की प्रगति से मंत्री ने संतुष्टि व्यक्त की। इस दौरान उप जिलाधिकारी सदर मनीष कुमार, क्षेत्राधिकारी सदर सुनील भारद्वाज, जिला प्रोबेशन अधिकारी नन्दलाल सिंह, जिला कार्यक्रम अधिकारी नीरज सिंह, जिला सूचना अधिकारी डीएस दयाल, महिला थानाध्यक्ष अनीता सिंह व अन्य अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे।

### व्यापारियों की मदद की गुहार

# नगर पालिका की कार्रवाई से रोजी-रोटी पर संकट




हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

फुटपाथ पर छोटे व्यापार कर अपने परिवार का भरण-पोषण करने वाले गरीब मजदूर एवं रेहड़ी-पटरी व्यापारियों ने नगर पालिका की कार्रवाई के बाद अपनी पीड़ा जाहिर करते हुए प्रशासन और जनप्रतिनिधियों से मदद की अपील की है।

व्यापारियों का कहना है कि नगर पालिका द्वारा उन्हें व्यवस्थित करने के उद्देश्य से दुकाननुमा डिब्बे उपलब्ध कराए जाने की बात कही गई थी, ताकि फुटपाथ पर बैठने वाले छोटे व्यापारियों को एक स्थायी और सम्मानजनक स्थान मिल सके। व्यापारियों का आरोप है कि उन्हें व्यवस्थित करने की प्रक्रिया पूरी किए बिना ही अतिक्रमण हटाने के नाम पर बुलडोजर कार्रवाई कर दी गई, जिससे कई छोटे व्यापारियों का रोजगार पूरी तरह प्रभावित हो गया। उनका कहना है कि कई परिवार आज आर्थिक संकट से गुजर रहे हैं और बच्चों की स्कूल फीस जमा करना, घर का खर्च चलाना तथा दैनिक जरूरतों को पूरा करना भी मुश्किल हो गया है।

फुटपाथी व्यापारियों ने प्रशासन, जनप्रतिनिधियों और समाजसेवियों से अपील करते हुए कहा कि उनके रोजगार को दोबारा शुरू कराने और वैकल्पिक व्यवस्था उपलब्ध कराने में सहयोग किया जाए, ताकि उनके परिवारों के सामने उत्पन्न आजीविका का संकट दूर हो सके। स्थानीय व्यापारियों ने चेतावनी दी है कि यदि उनकी समस्याओं का जल्द समाधान नहीं किया गया तो वह सामूहिक रूप से अपनी आवाज बुलंद करने को मजबूर होंगे।

# छह करोड़ के वित्तीय फ्रॉड में तीन को दबोचा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

जिले में अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत कोतवाली पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट के तहत वांछित तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने गिरफ्तार आरोपियों को न्यायालय में पेश कर न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया।

पुलिस अधीक्षक मो. मुश्ताक के निर्देशन, एएसपी कालू सिंह एवं क्षेत्राधिकारी सदर सुनील कुमार भारद्वाज के निकट पर्यवेक्षण में यह कार्रवाई की गई। कोतवाली में दर्ज गैंगस्टर एक्ट के मुकदमे में वांछित आरोपी राशिद खान उर्फ सानू, महेन्द्र राय और राशिदा बानो को पुलिस ने नियमानुसार गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार यह मामला बजाज फाइनेंस कंपनी से जुड़े बड़े वित्तीय घोटाले से संबंधित है। कंपनी के असिस्टेंट मैनेजर संदीप सिंह सोलंकी द्वारा दर्ज कराए गए मुकदमे में आरोप लगाया गया था कि अभियुक्तों ने सुनियोजित तरीके से कूटरचित दस्तावेज तैयार कर फाइनेंस कंपनी के साथ धोखाधड़ी की। विवेचना के दौरान पुलिस को करीब 6 करोड़ रुपये की वित्तीय धोखाधड़ी के साक्ष्य मिले।



मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक द्वारा विशेष जांच टीम (एसआईटी) गठित की गई थी। सर्विलांस, तकनीकी विश्लेषण और वैज्ञानिक साक्ष्यों के आधार पर पुलिस ने पहले भी कई आरोपियों को गिरफ्तार किया था। इसी क्रम में गैंगस्टर एक्ट में वांछित तीन अन्य आरोपियों को भी गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार आरोपियों में टौरिया मंदिर के पास नेहरू नगर निवासी राशिद खान उर्फ सानू, महेन्द्र राय और राशिदा बानो शामिल हैं। कार्रवाई प्रभारी निरीक्षक अनुराग अवस्थी एवं उनकी टीम द्वारा की गई। पुलिस का कहना है कि मामले में आगे भी जांच जारी है और अन्य संलिप्त लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### जनगणना 2027 को सुचारू करवाने की पहल

# ककरूआ में स्वगणना को लेकर जागरुकता बैठक की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

भारत की आगामी जनगणना 2027 को सुचारू रूप से संपन्न कराने और डिजिटल इंडिया की दिशा में एक कदम और बढ़ाते हुए विकास खण्ड जखौरा की ग्राम पंचायत ककरूआ में एक महत्वपूर्ण जागरूकता बैठक का आयोजन किया गया।



इस बैठक का मुख्य उद्देश्य उत्तर प्रदेश शासन के निर्देशों के क्रम में ग्रामीणों को जनगणना के महत्व और स्व-गणना की प्रक्रिया से अवगत कराना था। बैठक में उपस्थित अधिकारियों ने ग्रामीणों को जानकारी दी कि शासन द्वारा जनगणना के प्रथम चरण (मकान सूचीकरण एवं मकान गणना) के लिए 22 मई, 2026 से 20 जून, 2026 तक का समय निर्धारित किया गया है। इससे पूर्व आमजन के लिए 15 दिनों की अवधि हेतु स्व-गणना की सुविधा प्रदान की गई है। ग्रामीण अब स्वयं जनगणना पोर्टल पर जाकर अपने परिवार की सूचनाएं सुरक्षित और सटीक रूप से दर्ज कर सकते हैं। ग्राम विकास अधिकारी हिमांशु कुशवाहा ने कहा कि स्व-गणना से डेटा के संकलन में तेजी आएगी और मानवीय त्रुटियों की संभावना कम होगी। लेखपाल अतुल गुप्ता ने बताया कि जनगणना राष्ट्र के विकास की नींव है, इसी के आधार पर भविष्य की कल्याणकारी योजनाओं का खाका तैयार किया जाता है। बैठक की अध्यक्षता ग्राम प्रधान पप्पू अहिरवार ने की। उन्होंने समस्त ग्रामवासियों से इस राष्ट्रीय कार्य में बढ़-चढ़कर सहयोग करने की अपील की। कार्यक्रम में भारी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे, जिन्हें पोर्टल चलाने और जनगणना संबंधी शंकाओं के समाधान के बारे में विस्तार से बताया गया।

बताया गया कि 22 मई से 20 जून तक मकान सूचीकरण का कार्य होगा। मोबाइल या कंप्यूटर के माध्यम से स्व-गणना पर जोर, प्रगणकों के आने पर सही जानकारी उपलब्ध कराना अनिवार्य को लेकर चर्चा की गयी। इस दौरान ग्राम पंचायत के सम्मानित नागरिक और स्थानीय जन प्रतिनिधियों ने संकल्प लिया कि वह न केवल स्वयं अपनी गणना पूरी करेंगे, बल्कि अन्य ग्रामीणों को भी इसके प्रति जागरूक करेंगे।

### ऑपरेशन के बाद महिला की दोनों किडनियां खराब हुई थीं

# कोर्ट का आदेश चिकित्सक के खिलाफ एफआईआर हो

**ललितपुर**। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट अदालत ने चिकित्सीय लापरवाही के एक गंभीर मामले में कड़ा रुख अपनाया है। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट मयंक जायसवाल ने जिला अस्पताल में तैनात डा. डी.के. राज के खिलाफ सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर पुलिस विवेचना के आदेश दिए हैं। यह आदेश मनोज कुमार नामक व्यक्ति द्वारा दाखिल प्रार्थना पत्र पर सुनवाई के बाद दिया गया है। शिकायतकर्ता मनोज कुमार के अनुसार, उनकी पत्नी अनीता साहू को एपिगैसट्रिक हर्निया की समस्या थी। आरोप है कि 3 नवंबर 2025 को डा.डी.के. राज ने कथित तौर पर निजी सुविधा शुल्क लेकर सरकारी अस्पताल में ही ऑपरेशन किया। ऑपरेशन के बाद महिला की हालत बिगडने लगी। जब उन्हें ग्वालियर, दिल्ली और फिर एम्स भोपाल ले जाया गया, तो पता चला कि गलत ऑपरेशन के कारण उनकी दोनों किडनियां खराब हो चुकी हैं और वह मल्टीऑर्गन डिसफंक्शन सिंड्रोम का शिकार हो गई हैं।

**सीएमओ की रिपोर्ट पर कोर्ट का सवाल :** मामले की जांच के लिए सीएमओ द्वारा एक जांच समिति गठित की गई थी। समिति ने अपनी रिपोर्ट में चिकित्सक को क्लीन चिट देते हुए कहा था कि मरीज की हालत लेप्टोस्पायरोसिस नामक बैक्टीरिया के संक्रमण के कारण बिगड़ी, जिसका ऑपरेशन से कोई संबंध नहीं है। हालांकि, कोर्ट ने इस जांच आख्या की विसंगतियों पर गौर किया, जिसमें जांच आख्या में कहा गया था कि चिकित्सक के घर पर कोई निजी ओटी नहीं मिला, लेकिन कोर्ट ने टिप्पणी की कि इस निरीक्षण का कोई फोटो या वीडियो साक्ष्य मौजूद नहीं है। कोर्ट ने माना कि केवल टांके स्वस्थ होने के आधार पर यह नहीं कहा जा सकता कि मरीज को कोई अंदरूनी संक्रमण या जटिलता नहीं रही होगी।

#### कोर्ट का फैसला

न्यायालय ने पत्रावली पर मौजूद एम्स भोपाल और मैक्स हॉस्पिटल की रिपोर्ट्स का अवलोकन करने के बाद पाया कि ऑपरेशन के तुरंत बाद ही पीड़िता को गंभीर शारीरिक समस्याएं उत्पन्न हुईं। कोर्ट ने स्पष्ट किया कि बिना पुलिस विवेचना के इस पूरे घटनाक्रम की सत्यता सामने आना संभव नहीं है। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट मयंक जायसवाल ने अपने आदेश में कहा कि प्रथम दृष्टया संज्ञेय अपराध कारित होना प्रतीत होता है। उन्होंने संबंधित थाना अध्यक्ष को तत्काल अभियोग पंजीकृत कर नियमानुसार विवेचना सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है।

### क्षेत्रवासियों ने विधायक प्रतिनिधि को ज्ञापन सौंपा

# भैरों बाबा मंदिर मार्ग पर सीसी रोड निर्माण की मांग की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

शहर के वार्ड संख्या 9 स्थित बसुन्धरा कॉलोनी चांदमारी क्षेत्र के निवासियों ने लंबे समय से बदहाल पड़े कच्चे मार्ग को लेकर आवाज उठाई है।

क्षेत्रवासियों ने सदर विधायक के नाम संबोधित ज्ञापन उनके पुत्र श्रीकांत कुशवाहा को सौंपते हुए पी.के.उपाध्याय के मकान से भैरों बाबा मंदिर तक लगभग 250 से 300 मीटर सीसी रोड निर्माण कराए जाने की मांग की। क्षेत्रवासियों ने बताया कि उक्त मार्ग से प्रतिदिन सैकड़ों की संख्या में स्थानीय लोग एवं श्रद्धालु आवागमन करते हैं। मार्ग पर स्थित सैकड़ों वर्ष पुराने भैरों बाबा मंदिर में सुबह-शाम श्रद्धालुओं का आना-जाना लगा रहता है। सुबह के समय कई श्रद्धालु बिना जूते-चप्पल के मंदिर जाते हैं, लेकिन कच्चे और ऊबड़-खाबड़ रास्ते पर कांटे, पत्थर व गंदगी होने के कारण उन्हें परेशानी का सामना करना पड़ता है। स्थानीय लोगों ने बताया कि बारिश के मौसम में मार्ग की स्थिति और भी खराब हो जाती है। घरों से निकलने वाला गंदा पानी रास्ते पर भर जाने से आवागमन बाधित होता है, साथ ही संक्रमण और गंभीर बीमारियों का खतरा भी बना रहता है। क्षेत्रवासियों ने जनहित और श्रद्धालुओं की सुविधा को देखते हुए जल्द से जल्द सीसी रोड निर्माण कराए जाने की मांग की। ज्ञापन सौंपने के दौरान रोहित सुड़ेले, देवेन्द्र राजपूत एड., पूनम, कोमल, रचना सुड़ेले, सौरभ, विशेष त्रिपाठी, विवेक त्रिपाठी, सी.एल. यादव, जितेन्द्र तिवारी, रविशंकर, अभिनव, रामधन सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी मौजूद रहे।



### जिलाधिकारी ने जारी की एडवाइजरी

# तालाब, नदी, पोखर में डूबने से बचने के लिए बच्चों को स्नान करने से रोकें

**ललितपुर** । जिले में डूबने के कारण हुई जनहानि की घटनाओं का संज्ञान लेते हुए जिलाधिकारी सत्य प्रकाश ने जनपदवासियों के लिए एडवाइजरी जारी करते हुए अपील की है कि अभिभावक अपने बच्चों को तालाब/पोखर/नदी में स्नान करने से रोकें। यदि बच्चें जल के समीप हैं, तो अभिभावक अपनी देख-रेख में रखें, जिससे होने वाली अप्रिय घटनाओं से बचाया जा सके। जनपदवासी जर्जर/टूटी-फूटी नाव पर सवारी न करें। यह भी देखें की संचालन के दौरान नाव साफ और सूखी हो। छोटे बच्चों को अकेले नाव पर यात्रा न करने दें। नाव में यात्रा करते समय यह भी देख ले कि नाव की भर क्षमता कितना है और नाव पर लाइफ जैकेट है अथवा नहीं। कोई भी व्यक्ति मादक पदार्थों का सेवन कर नदी/तालाब/पोखर में प्रवेश न करें। जल में बने सुरक्षात्मक चिन्ह के आगे जाने का प्रयास न करें। घाट पर उपस्थित सुरक्षा दल के निर्देशों को सुने व उसका पालन करें। उन्होंने कहा कि पानी में किसी भी प्रकार का खेल न खेले। तैरना न आने पर नदी या अन्य जल स्त्रोत से दूर रहें। अधिक गहरे जल में प्रवेश न करें। एक नाव से दूसरे नाव में कूदकर जाने एवं पानी में सेल्फी लेने का प्रयास न करें। उन्होंने कहा कि यदि कोई व्यक्ति पानी में डूब रहा हो तो सबसे पहले आस-पास के मौजूद लोग उसकी मदद करें, और एम्बुलेंस को बुलायें। यदि व्यक्ति श्वांस नही ले रहा हैं, तो उसकी नब्ज चेक करें और उसे सीपीआर दें। रोगी को तुरंत नजदीकी अस्पताल लेकर जाएं। उन्होनें कहा कि पानी में डूब रहा व्यक्ति घबराएं नहीं, शांत रहें। अपने सिर को ऊपर की ओर रखे, बैग व जूते जैसी वजनदार चीजो को हटा दें। पानी को पीछे की ओर धकेलते रहे।



### पीएनबी के मेगा कृषि आउटरीच कार्यक्रम आयोजित

# 200 लाभार्थियों को 10 करोड़ के ऋण वितरित किए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

पंजाब नेशनल बैंक के मंडल कार्यालय एवं अग्रणी बैंक द्वारा शुक्रवार को विकास भवन सभागार में मेगा कृषि आउटरीच कार्यक्रम का आयोजन किया गया। अध्यक्षता मंडल प्रमुख के.एल. भैरवा ने की। मुख्य अतिथि जिलाधिकारी सत्यप्रकाश उपस्थित रहे। साथ ही सीडीओ शेषनाथ, प्रधान कार्यालय से उप महाप्रबंधक दिलीप गहलोत तथा अग्रणी जिला प्रबंधक हरीश कुमार की गरिमामयी उपस्थिति रही।




जिलाधिकारी सत्यप्रकाश ने बैंक की पहल की सराहना करते हुए कहा कि महिलाओं और किसानों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए ऐसे कार्यक्रम ब्लॉक और ग्रामीण स्तर तक आयोजित किए जाने चाहिए। उन्होंने लोगों से बैंकिंग सेवाओं का अधिकाधिक लाभ लेने, ऋण समय पर जमा करने तथा साहूकारों के चंगुल से बाहर निकलकर संस्थागत बैंकिंग व्यवस्था से जुडऩे का आह्वान किया। सीडीओ शेषनाथ ने शिक्षा और वित्तीय जागरूकता पर जोर देते हुए कहा कि नई पीढ़ी को आर्थिक रूप से शिक्षित करना समय की आवश्यकता है। वहीं जिला कृषि अधिकारी राजीव भारती ने किसानों को कृषि विभाग की योजनाओं और खरीफ फसल के लिए उपलब्ध कराए जा रहे मुफ्त बीजों की जानकारी दी। मंडल प्रमुख के.एल. भैरवा ने बताया कि बैंक का उद्देश्य स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से महिलाओं को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाना है। उप महाप्रबंधक दिलीप गहलोत ने कहा कि किसान और महिलाएं आर्थिक रूप से मजबूत होंगे तभी विकसित भारत का सपना साकार होगा। इस दौरान स्वयं सहायता समूह, किसान क्रेडिट कार्ड, किसान गोल्ड कार्ड, पशुपालन एवं अन्य योजनाओं के तहत 200 से अधिक लाभार्थियों को करीब 10 करोड़ रुपये के ऋण वितरित किए गए। बैंक अधिकारियों ने बताया कि सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के अंतर्गत जिले में अब तक प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना में 4,375, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना में 17,095 और अटल पेंशन योजना में 6,175 लाभार्थियों को जोड़ा जा चुका है। कार्यक्रम में बैंक अधिकारियों, नाबार्ड प्रतिनिधियों, शाखा प्रभारियों एवं करीब 250 महिला-पुरुष लाभार्थियों ने सहभागिता की। अंत में अग्रणी जिला प्रबंधक हरीश कुमार ने सभी अतिथियों एवं प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया।

### टांय-टांय फिस हुई बिन पैसों के शुरू की पानी की शुद्धता की जांच योजना

# एक साल से अटका अशुद्धता के खिलाफ जंग लडने वाली दीदियों का मानदेय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

नगर पालिका में मंडरा रहे धन के संकट का असर सिर्फ नपा कर्मचारियों के वेतन और विकास कार्यों पर ही नहीं पढ़ा है बल्कि लोगों को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने वाली योजनाओं पर भी विपरीत असर पढ़ रहा है. इसकी बानगी पेयजल आपूर्ति शुद्धता की जांच योजना है. इस योजना के तहत एक साल पहले जिन महिलाओ से पानी के सेम्पल कलेक्ट कराए थे उन्हें आज तक मानदेय नहीं मिल पाया है। ज्ञात हो कि सरकार ने लोगों को पीने का पानी शुद्ध मिले इस उद्देश्य से डोर टू डोर पानी के सैंपल लेकर शुद्धता की जांच कराई थी, श्योपुर नगरपालिका में 1 साल पहले पानी में शुद्धता की जांच करने वाली महिलाओं को अपने किए गए काम का मानदेय आज तक नहीं मिलने से यह अभियान जिस तेजी के साथ शुरू हुआ था उतनी ही तेजी से खत्म भी हो गया अब लोगों को पीने का पानी शुद्ध मिल रहा है या दूषित इसकी जानकारी तक किसी को नहीं है.

लोग दूषित पानी पीकर बीमार न हों, नागरिकों द्वारा जो पानी पिलाया जा रहा है वो शुद्ध है या नहीं इस उद्देश्य से सरकार ने नगरपालिका द्वारा नलों के माध्यम से जो पीने का पानी घर घर पहुंचाया जा रहा है, उसकी जांच करने की जिम्मेदारी महिला स्व सहायता समूहों से जुड़ी महिलाओं को सोपी थी जो घर घर पहुंच कर पीने वाले पानी का सेंपल कलेक्ट कर मौके पर ही जांच कर संबंधित परिवार को बता भी रही थी कि उनके घर में आ पानी पीने लायक है या नहीं। इस जांच के बाद लोगों को यह मालूम चलने लगा था की उनके पानी में अशुद्धता का प्रतिशत कितना आ रहा है. इस जानकारी के बाद अशुद्धता को दूर करने का काम भी तत्काल किया जा रहा था खासकर लीकेज के कारण होने वाली अशुद्धता को लेकिन कराए गए काम का भुगतान नहीं होने पर महिलाओं ने काम करना बंद कर दिया और नागरिकों को ऊपर वाले के भरोसे छोड़ दिया.



#### अशुद्धता की रिपोर्ट मिलने पर तत्काल होता था सुधार

जो सैंपल महिलाओं द्वारा कलेक्ट किए जाते थे उन्हें वह नगर पालिका में एनयुएलएम के कार्यालय में ले जाकर जमा कर देती थी, साथ ही जो रिपोर्टिंग की जा रही थी उसकी जानकारी पोर्टल पर रोजाना अपलोड भी करनी पड़ती थी। पोर्टल पर जिन क्षेत्रों में गंदा पानी या दूषित पानी प्रवाहित होना मिलता था उनके कारणों को जांच कर दूर करने के कार्रवाई भी 36 घंटे में पूरी की जानी थी. अधिकतर घरो मे पानी की जो समस्या मिल रही थी वो लीकेज के कारण थी जिसे 36 घंटे के भीतर ठीक करने के निर्देश भी थे इससे नगर पालिका के वह कर्मचारी परेशान हो गए जो एक काम को कई कई दिन लगा देते थे और उनके द्वारा बरती जा रही मक्कारी के चलते जगह-जगह हो रहे लीकेज की समस्या में सुधार नहीं हो पा रहा है.

#### प्रति टेस्ट देने थे 48 रुपए, 94 हजार का बिल बाकी

जिन महिलाओं के माध्यम से पानी का टेस्ट करवाया गया था उन्हें नगरपालिका की और से प्रति टेस्ट के हिसाब से 48 रुपए दिए जाने का प्रावधान था महिलाएं डोर टू डोर सैंपल कलेक्ट करने के बाद नगर पालिका में जाकर उन्हें जमा करा कर किए गए काम की एंट्री करा रही थी है और उनसे बोला गया था की उन्हें एक सप्ताह में पेमेंट मिल जायगा, इसके लिए एनयूएलएम के माध्यम से समरी बनाकर भुगतान के लिए बिल नगरपालिका में लगा दिया गया लेकिन 94 हजार रुपए के बिल चढ़ जाने के बाद शायद नगरपालिका को उसमे से कमीशन की याद आ गई जिससे बिल का भुगतान अभी तक अटका हुआ है

#### पीएचई ने दिया था प्रशिक्षण

जिन महिलाओ को पीने के पानी की जांच का काम दिया गया था उन्हें पीएचई की टीम के माध्यम से प्रशिक्षण भी दिलाया था । प्रशिक्षण में महिलाओं को बताया गया था कि पानी में फ्लोराइड की मात्रा 250 से अधिक पाई जाए जाती है तो वह पानी पीने योग्य होगा। इसके लिए महिलाएं बीकर में पानी डालकर जांच करती थी । पारदर्शी बीकर में पानी डालते ही अशुद्ध पानी अपना रूप बदल लेता है टीडीएस और औसत पीने के पानी के लिए आदर्श पीएच स्तर 6.5 से 8 के बीच होना चाहिए। यह सारी जानकारी महिलाओं ने प्रशिक्षण में सीखी थी

#### इनका कहना...

जिन महिलाओं ने पानी शुद्वता की जांच डोर टू डोर की है एनयुएलएम के कर्मचारियों ने गलती से उसके बिल नगर पालिका में ही लगा दिए थे जबकि उसका भुगतान महिलाओ के बैंक खातों में सीधे भोपाल से होना है अब मेने बिल को जेडी कार्यालय ग्वालियर भिजवाया है जहां से भोपाल भेज कर शीघ्र ही महिलाओं के बैंक अकाउंट में पैसा डलवाया जायगा

**आरआर यादव**
सीएमओ श्योपुर

हमें बोला था कि आपको एक सैंपल के 48 रुपए दिए जाएंगे हमने सर्दी गर्मी को देखे बिना डोर टू डोर सैंपल लेकर नगर पालिका में जमा करवाए साथ ही लीकेज की जानकारी देकर ठीक करवाए लेकिन भुगतान साल भर गुजरने के बाद भी नहीं मिला है कई बार नगर पालिका के चक्कर काट चुके हैं बस यही आश्वासन मिलता है कि पैसा आ रहा है.

**द्रोपती बाई**
सेम्पल कलेक्ट करने वाली महिला

# रामेश्वर पहुंचीं कलेक्टर, त्रिवेणी संगम पर लिया व्यवस्थाओं का जायजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

कलेक्टर शीला दाहिमा ने शनिवार को रामेश्वर त्रिवेणी संगम पहुंचकर घाट का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने निर्देश दिए कि गंगा दशहरा के अवसर पर 25 मई को त्रिवेणी संगम पर कार्यक्रम आयोजित किए जाएं। इस दौरान कलश यात्रा के साथ ही पवित्र त्रिवेणी संगम पर दीपदान के कार्यक्रम आयोजित किए जाएं।

उन्होंने सीईओ जनपद को निर्देश दिए कि घाट की साफ-सफाई की जाए तथा जन अभियान परिषद के माध्यम से कार्यक्रम आयोजित किए जाएं। इस अवसर पर उन्होंने रामेश्वर धाम स्थित रामेश्वर महादेव मंदिर एवं श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर पर दर्शन करते हुए विधि-विधान से पूजन किया। इसके पूर्व कलेक्टर शीला दाहिमा ने जैनी के प्रसिद्ध क्षेत्रपाल जी महाराज मंदिर पर भी दर्शन किए तथा मंदिर के महंत से चर्चा करते हुए सुझाव दिया कि मंदिर में पूजन के लिए चढ़ाए जाने वाले फूल माला को व्यर्थ न फेंककर इसे धूप बत्ती बनाने में उपयोग किया जा सकता है। इस दौरान सीईओ जिला पंचायत सौम्या आनंद, एसडीएम गगन सिंह मीणा, तहसीलदार मनीषा मिश्रा, सीईओ जनपद एस एस भटनागर आदि मौजूद रहे।

#### श्री रामतीर्थ रामेश्वर त्रिवेणी संगम समिति की बैठक आयोजित

शनिवार को 'श्री रामतीर्थ रामेश्वर त्रिवेणी संगम समिति' की बैठक का आयोजन अपर कलेक्टर रूपेश उपाध्याय की अध्यक्षता में किया गया। बैठक में रामेश्वर मंदिर निर्माण हेतु अधिक से अधिक धन संग्रह के लिए लोगों को प्रेरित करने का निर्णय लिया गया। बैठक में यह भी तय किया गया कि श्योपुर जिले की उप तहसील प्रेमसर, मानपुर, गोरस, अगरा एवं गसवानी में वन विभाग के माध्यम से प्रत्येक उप तहसील के क्लोज कैंपस में 100-100 पौधे लगाए जाएंगे। साथ ही कलेक्टर शीला दाहिमा द्वारा संचालित 'दाना-पानी अभियान' के अंतर्गत सभी पटवारी एवं राजस्व अधिकारी-कर्मचारी अपने घरों पर पक्षियों के लिए पानी का सकोरा रखेंगे तथा पांच अन्य लोगों को भी सकोरा प्रदान कर प्रेरित करेंगे। इसके अतिरिक्त संबंधित उप तहसीलों में रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम स्थापित कराने एवं आमजन को इसके प्रति जागरूक करने का निर्णय भी लिया गया। बैठक में समाजसेवी कैलाश पाराशर, आदित्य चौहान, जयसिंह जादौन, नायब तहसीलदार, पटवारीगण, तहसील कर्मचारी एवं कृषक उपस्थित रहे

# 15 को आएंगे भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष पाटीदार



हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष पवन पाटीदार 15 मई को श्योपुर पहुंचेंगे जहां वे कई कार्यक्रमों में भागीदारी करेंगें. उनके दौरे को लेकर शनिवार को बीजेपी कार्यालय पर एक बैठक आयोजित हुई. जिसमे पिछड़ा वर्ग मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष सुरजीत सिंह चौहान ने प्रदेश अध्यक्ष के दौरे को लेकर चर्चा की. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के नेतृत्व में सत्ता और संगठन में पिछड़ा वर्ग समाज के हर जनप्रतिनिधियों को महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां देकर कार्य किया है। इन नीतियों को संबंधित लाभार्थियों को स्मरण कराने मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष 15 मई को श्योपुर आ रहे हैं, इसके लिए सभी कार्यकर्ता सहयोग करें. इस दौरान जिला अध्यक्ष शशांक भूषण राजू सुमन, ओम राठौर पिछड़ा वर्ग मोर्चा प्रभारी एवं दर्जा प्राप्त मंत्री ऋषि यादव ने मोर्चा के प्रदेश महामंत्री रविंद्र सिंह लोधी, आईटी प्रभारी शैलेंद्र सिंह गुर्जर, दीवान सिंह यादव मध्य प्रदेश ओबीसी मोर्चा के मंच पर उपस्थित रहे.

### जिला अस्पताल में एक माह से नहीं हो रही जनरल मरीजों की सोनोग्राफी,परेशान हो रहे मरीज

# कैसे हो सोनोग्राफी: रेडियोलॉजिस्ट गए लंबी छुट्टी पर,मेडिकल कॉलेज के डॉक्टर का हाथ फैक्चर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

जिला अस्पताल श्योपुर में स्वास्थ्य सुविधाएं बेहतर होने के दावो की पोल सोनोग्राफी जांच की सुविधा खोल रही है। क्योंकि जिला अस्पताल में इन दिनों सोनोग्राफी जांच कराने के लिए जो सामान्य मरीज पहुंच रहे है,उन्हें बिना जांच के ही परेशान होकर लौटना पड रहा है।

खास बात यह है कि यह स्थिति एक दो दिन से नहीं,बल्कि पूरे महीनेभर से बनी हुई है। लेकिन इसके बाद भी जिम्मेदार लोग सामान्य मरीजों की इस परेशानी के निदान के लिए कोई प्रयास करते नजर नहीं आ रहे है। अस्पताल प्रबंधन तर्क दे रहा है कि हमारे पास सामान्य मरीजो की सोनोग्राफी करने के लिए कोई रेडियोलॉजिस्ट नहीं है क्योकि जो रेडियोलॉजिस्ट पदस्थ है,वे लंबी छुट्टी पर चले गए है। वहीं मेडिकल कॉलेज के जिस डॉक्टर को यहां सोनोग्राफी जांच करने के लिए भेजा गया है, उनका हाथ फैक्चर हो गया है। ऐसे में अस्पताल में जनरल मरीजो की सोनोग्राफी जांच करने वाला कोई डॉक्टर नहीं है। जिला अस्पताल में सोनोग्राफी जांच नहीं होने के कारण परेशान मरीजो को निजी सोनोग्राफी जांच सेंटरों पर पहुंचकर सोनोग्राफी करानी पड रही है। जिसका बोझ गरीब लोगो की जेब पर पड रहा है। क्योंकि निजी सोनोग्राजी जाच सेंटरों पर करीब 700 से 800 रूपए का शुल्क सोनोग्राफी जांच करने का लिया जा रहा है। इधर जिला अस्पताल में जो गर्भवती महिलाएं जांच के लिए पहुंच रही है,उनकी सोनोग्राफी करने का जिम्मा आरएमओ डॉ गजेन्द्र धाकड को उठाना पड रहा है। वहीं मेटरनिटी वार्ड में पदस्थ अन्य स्त्री रोग विशेषज्ञ भी गर्भवती महिलाओ की सोनोग्राफी कर रहे है।




#### छुट्टी गए रेडियोलॉजिस्ट का वापस अस्पताल में आना संभव नहीं

विशेष बात यह है कि जिला अस्पताल में पदस्थ रेडियोलॉजिस्ट डॉ बीआर बंसल करीब 20 अप्रैल से लंबी छुट्टी पर चले गए है। अपनी छुट्टी पूरी होने के बाद वे जिला अस्पताल में वापस लौटकर फिर से मरीजो की सोनोग्राफी जांच करेगे,ऐसा संभव नहीं दिख रहा है। बताया गया है कि डॉ बीआर बंसल 30 मई 2026 को रिटायर होने जा रहे है और उनकी छुट्टियां भी बाकी चल रही है। ऐसे में रिटायरमेंट पर बैठे डॉ बंसल मुश्किल ही जिला अस्पताल में लौट पाएंगे।

#### मेडिकल कॉलेज के डॉक्टर के हाथ में आ गया फैक्चर

डॉ बीआर बंसल के लंबी छुट्टी पर जाने पर अस्पताल प्रबंधन ने मेडिकल कॉलेज प्रबंधन को पत्र लिख दिया था कि उनके यहां पदस्थ रेडियोलॉजिस्ट डॉ संजीव शर्मा को अपनी सेवाएं जिला अस्पताल में दिए जाने के लिए निर्देशित किया जाए।अस्पताल प्रबंधन के पत्र के बाद मेडिकल कॉलेज प्रबंधन ने भी डॉ संजीव शर्मा को जिला अस्पताल में अपनी सेवाए देने के लिए भेज दिया है। बताया जा रहा है कि इसी दौरान डॉ संजीव शर्मा का हाथ फैक्चर हो गया और वे हाथ में प्लास्टर बांधकर जिला अस्पताल के सिविल सर्जन के पास पहुंचे और हाथ में आए फैक्चर को बताते हुए बोले कि फैक्चर के कारण फिलहाल में अवकाश पर जा रहा हूं। जिसकारण डॉ संजीव शर्मा अपनी सेवाए देने के लिए जिला अस्पताल में पहुंच ही नहीं पाए है। अब सुनने में आ रहा है कि 9 मई को उनका अवकाश खत्म हो रहा है। ऐसे में उन्हें 11 मई से अपनी सेवाएं देने के लिए जिला अस्पताल में पहुंचना चाहिए।

#### इनका कहना...

जिला अस्पताल के रेडियोलॉजिस्ट छुट्टी पर चले गए है। मेडिकल कॉलेज के डॉ संजीव शर्मा हाथ में फैक्चर आने के कारण अवकाश पर है। ऐसे में हमारे पास सामान्य मरीजो की सोनोग्राफी जांच करने के लिए कोई डॉक्टर नहीं है। इसके लिए हमने शासन को भी पत्र लिखकर अवगत करा दिया है।

**डॉ आरबी गोयल**
सिविल सर्जन,जिला अस्पताल

### फाइनल जीतने वाली टीम को मिलेगा 31 हजार रुपए का पुरस्कार

# ढोढर में आज से शुरू होगा नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट, जनपद अध्यक्ष करेगी शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

श्योपुर विकासखंड के ढोढर कस्बे में 10 मई रविवार से नाईट क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन शुरू होने जा रहा है। जिसमें जिलेभर की कई टीमे भागीदारी करेगी। इस टूर्नामेंट का शुभारंभ जनपद पंचायत श्योपुर की अध्यक्ष रीना आशीष मीणा बतौर मुख्य अतिथि शुभारंभ समारोह में शामिल होकर करेगी। गणेश मंडल ढोढर द्वारा आयोजित इस टूर्नामेंट की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है।

आयोजन समिति के अध्यक्ष महेन्द्र सिंह जाट ने बताया कि इस क्रिकेट टूर्नामेंट में खेले जाने वाले मैच रात्रि के दौरान खेले जाएंगे। इस टूर्नामेंट में श्योपुर जिले सहित आसपास के जिलो की क्रिकेट टीमो को भी आमंत्रित किया गया है। इस क्रिकेट टूर्नामेंट मे खेलने के लिए आने वाली क्रिकेट टीमो को 3100 रूपए प्रवेश शुल्क जमा करना होगा। इस किक्रेट टूर्नामेंट का फायनल मैच जो टीम जीतकर विजेता बनेगी,उसे 31 हजार रूपए नकद और शील्ड बतौर पुरस्कार दी जाएगी। जबकि उप विजेता बनने वाली क्रिकेट टीम को 15 हजार रूपए व शील्ड बतौर पुरस्कार प्रदान की जाएगी। जो खिलाडी मैन आफ द टूर्नामेंट बनेगा,उसे भी 2100 रूपए का पुरस्कार दिया जाएगा।



### 11 बुखार पीड़ित मरीजों की जांच की गई, नेगेटिव आई मलेरिया जांच रिपोर्ट

# ओछापुरा में पहुंची मलेरिया विभाग की टीम, किया रेपिड फीवर सर्वे


हरिभूमि
epaper.haribhoomi.com
Bhopal Sagar Bhoomi - 09 May 2026 - Page 3
कराहल क्षेत्र में भी दो लोगो को ग्रसित कर चुका है मलेरिया
ओछापुरा में सामने आया मलेरिया का डंक, विभागीय अधिकारी बेसुध

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

विजयपुर विकासखंड के ग्राम ओछापुरा में मलेरिया का डंक मिलने के बाद मलेरिया विभाग हरकत में आ गया और शनिवार की सुबह मलेरिया विभाग की एक टीम कलेक्टर शीला दाहिमा और जिला मलेरिया अधिकारी डॉ एनएन बिंदल के निर्देशन में ओछापुरा गांव में पहुंची। टीम ने मलेरिया प्रभावित मरीज जन शिक्षक संतोष शुक्ला के घर पर पहुंची, जहां टीम के द्वारा रेपिड फीवर सर्वे किया गया। इस दौरान आसपास के बुखार से पीडित 11 मरीजो की जांच की गई। लेकिन जांच के दौरान सभी मरीजो की मलेरिया जांच रिपोर्ट नेगेटिव आई। टीम द्वारा ग्राम में लार्वा सर्वे करने के साथ समुदाय बैठक आयोजित कर ग्रामीणों को मच्छरों एवं मलेरिया नियंत्रण के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। उपस्थित जनसमुदाय को समझाइश दी गई कि घर एवं आसपास अनावश्यक पानी का जमाव न होने दें, मच्छरदानी का नियमित उपयोग करें ग्रामीणों को मलेरिया रोग के लक्षण, जांच एवं उपचार की जानकारी देते हुए बताया गया कि कोई भी बुखार मलेरिया हो सकता है, इसलिए बुखार आने पर तुरंत खून की जांच कराएं। इस अवसर पर सी.एच.ओ. डॉ. असद अंसारी, आशा सुपरवाइजर कमला जाटव एवं आशा कार्यकर्ता आदि उपस्थित रहे।



#### दलारना में भी मलेरिया पॉजिटिव केस की सूचना पर पहुंची टीम

विकासखंड बड़ौदा के ग्राम दलारना में एम.पी.डब्ल्यू. रामलखन जमुरिया द्वारा मलेरिया पॉजिटिव केस की सूचना प्राप्त होने पर एम.टी.एस. अरविन्द गर्ग द्वारा तत्काल ग्राम का भ्रमण किया गया। भ्रमण के दौरान रोगी के घर पहुंचकर मलेरिया का मौलिक उपचार प्रदान किया गया तथा कांटेक्ट सर्वे किया गया। इसके उपरांत एम.टी.एस., एम.पी.डब्ल्यू. एवं मल्टी स्किल्ड वर्कर के साथ ग्राम में व्यापक स्तर पर सर्वे कार्य किया गया। टीम द्वारा 47 घरों में लार्वा सर्वे कर आवश्यकतानुसार लार्वा नष्टीकरण की कार्यवाही की गई। ग्रामीणों को जागरूक करते हुए बताया गया कि कूलर एवं पानी की टंकियों की नियमित सफाई करें, घर एवं आसपास पानी जमा न होने दें तथा मच्छरों से बचाव के लिए मच्छरदानी का उपयोग करें। साथ ही किसी भी प्रकार के बुखार होने पर तुरंत खून की जांच कराने की सलाह दी गई। ग्राम रायपुरा की आशा कार्यकर्ता को नियमित भ्रमण, लार्वा सर्वे एवं बुखार पीड़ति मरीजों की किट द्वारा जांच करने तथा ग्रामीणों को मच्छरदानी उपयोग हेतु प्रेरित करने के निर्देश दिए

### 51 लाख से अधिक का ठेका के बाद भी नहीं लग रहा मेला

# मेला ठेकेदार ने लगाए पार्षदों पर रिश्वत मांगने के गंभीर आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

श्री हजारेश्वर महादेव मेला, आयोजित होने से पहले ही विवादों में उलझ गया है. इस मामले में मेला ठेकेदार ने कुछ पार्षदों पर उनसे मेला लगाने के नाम पर रिश्वत मांगने और सीएमओ द्वारा सहयोग नहीं करने के गंभीर आरोप लगाए हैं हालांकि इस मामले में सीएमओ और पार्षदों ने आरोपो को सिरे से ख़ारिज दिया है पर प्रश्न उठ रहा है कि जब मेला ठेका 51 लाख 11 हजार 511 रुपए जैसी रिकॉर्ड राशि में हुआ है तो फिर ठेकेदार को मेला क्यों नहीं लगाने दिया जा रहा है?

हर साल ग्रीष्मकालीन अवकाश में लगने वाला श्री हजारेश्वर महादेव मेला के लिए नगर पालिका ने ऑनलाइन टेंडर आमंत्रित किए थे जिसकी 10 हजार रुपए सिक्योरिटी राशि जमा कर टेंडर डालने की शर्तों के आधार पर अनुमानित राशि नगर पालिका ने 3 लाख 10 हजार रुपए निर्धारित की थी जिसमें कृष्णा इंटरप्राइजेज ने सबसे अधिक 51 लाख 11 हजार 511 रुपए राशि डाली इसके बाद आयोजित हुई परिषद की बैठक में उक्त राशि को स्वीकृत करते हुए मेला लगाने की सहमति दे दी और जब ठेकेदार मेले का सामान लेकर श्योपुर आ गया तो उसे मेला नहीं लगाने दिया जा रहा है ठेकेदार का आरोप है कि कुछ पार्षद उसे परेशान कर रहे हैं और इस काम में सीएमओ भी उनका सहयोग कर रहे हैं सीएमओ उन्हें मेला लगाने नहीं दे रहे हैं ऐसी स्थिति में ठेकेदार ने अपनी अमानत राशि वापस लेने और मेले को नहीं लगाने की बात भी कही है उसका कहना है कि अगर उसे इस तरह परेशान किया जाएगा मेला लगाने के नाम रिश्वत मांगी जाएगी तो वह मेला लगाने के बजाय वापस चला जाएगा और कभी भी श्योपुर मेले के लिए टेंडर नहीं डालेगा. साथ ही सभी मेला ठेकेदारों की बैठक लेकर श्योपुर मेले के बहिष्कार का मुद्दा भी रखेंगे



#### इनका कहना..

मेला सही समय पर लगेगा इसके लिए वर्क आर्डर दिया जाना बाकी है. अगर कोई पार्षद या कर्मचारी ने मेला ठेकेदार से रिश्वत मांगी है तो मुझे आवेदन देकर बताएं संबंधित पर कार्रवाई करेंगें अनावश्यक बदनामी ना करें.

**आरआर यादव**
सीएमओ श्योपुर

किसी भी पार्षद ने कोई रिश्वत नहीं मांगी है मेला ठेकेदार नियम विरुद्ध मेला लगाना चाह रहा है उसे पहले वर्क आर्डर लेना चाहिए ताकि शर्ते तय हो जाए अगर किसी पार्षद पर झूठा आरोप लगाया गया तो ठेकेदार के खिलाफ मानहानि का दावा करेंगे

**सलाउद्दीन बेलीम**
नेता प्रतिपक्ष नपा श्योपुर

मेने 51 लाख रुपए से भी अधिक में ठेका लिया है जो श्योपुर वालों के लिए सोचना भी मुश्किल है इसके बावजूद मुझे मेला नहीं लगाने दिया जा रहा है मेले में दुकानदार सामान लेकर आ गए हैं आंधी और बारिश के मौसम में वह परेशान हो रहे हैं सीएमओ से भी अनुरोध किया है वो भी सुन नहीं रहे हैं कुछ पार्षद मुझसे रुपए मांग रहे हैं इतने रूपए में कहां से दूंगा.

**भागचंद शिवहरे**
मेला ठेकेदार

# दो बाइकों की भिड़ंत में पांच लोग घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विजयपुर

विजयपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम अंधुपुरा बाग के पास शनिवार को दो तेज रफ्तार बाइको की आमने सामने से भिडंत हो गई। इस हादसे में दोनो बाइकों पर सवार दो युवकों और तीन युवतियों सहित कुल पांच लोग घायल हो गए।जिन्हें इलाज के लिए विजयपुर अस्पताल में दाखिल कराया गया।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, दोनों मोटरसाइकिलें काफी तेज रफ्तार में थीं, जिसके कारण अंधुपुरा बाग के मोड़ पर चालक संतुलन खो बैठे और बाइकों की सीधी टक्कर हो गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक सवार सड़क पर काफी दूर तक जा गिरे। इस हादसे में बाइक सवार संगम (11 वर्ष) पुत्र संजय जाटव, निवासी- वेरई, काजल (18 वर्ष), पुत्री सोनेराम जाटव, निवासी सुनबई, संजय (38 वर्ष), पुत्र मुरारी जाटव, निवासी- वेरई, दीपक (23 वर्ष), पुत्र होरीलाल जाटव, निवासी- खेरा खिड़काई, कृष्णा (18 वर्ष), पुत्री हितेंद्र जाटव, निवासी- खेरा खिड़काई घायल हो गए। सभी घायलों को स्थानीय लोगो की मदद से डायल 112 के जरिए विजयपुर अस्पताल में पहुंचाया गया। अस्पताल में डॉक्टरों की टीम ने तुरंत प्राथमिक उपचार शुरू किया। हालांकि, तीन घायलों संजय जाटव, दीपक जाटव, कृष्णा पुत्री हितेंद्र जाटव,की गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें बेहतर इलाज के लिए जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। इस मामले में विजयपुर थाना पुलिस ने एक्सीडेंट का मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

#### सलमानिया की पुलिया के पास पलटी बोलेरो

बडौदा थाना क्षेत्र स्थित सलमानिया की पुलिया के पास शनिवार को एक बोलेरो जीप अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया। स्थानीय लोगों की मदद से बोलेरो में सवार लोगों को बाहर निकाला गया। किसी के हताहत होने खबर नहीं है।

## खबर संक्षेप

### मारपीट की घटनाओं के अनेक मामले दर्ज किए

**अशोकनगर।** जिले के विभिन्न क्षेत्रों में मारपीट की घटनाओं के कईं मामले दर्ज किए गये हैं। जिले के सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत गंगानगर कॉलोनी निवासी विशाल अहिरवार ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी अनिल अहिरवार ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के शाढ़ौरा थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम अमौदा निवासी शैलेन्द्र रघुवंशी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी अभिषेक, विवेक, विशाल रघुवंशी ने उससे मारपीट की और उसकी गाडी नीचे गिरा दी। जिले के थाना क्षेत्र के अंतर्गत निवासी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के कचनार थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम फतेहपुर निवासी राजाराम कुशवाह ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी माखन, करन, रवि कुशवाह ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।

### अवैध शराब जब्त, कई प्रकरण किए पंजीबद्ध

**अशोकनगर।** जिले में अवैध शराब के कईं मामले दर्ज किए गए हैं। जिले के बहादुरपुर थाने के अंतर्गत पुलिस ने ग्राम काछी बरखेडा निवासी इकीन पारदी के पास से 15 लीटर हाथ भटटी की कच्ची शराब बरामद की है। मुंगावली पुलिस ने ग्राम रमपुरा निवासी पहाड़ाी आदिवासी के पास से 10 लीटर हाथ भटटी की कच्ची शराब बरामद की है। जिले के शाढ़ौरा थाने की पुलिस ने दीपक कोरी निवासी फरदाई के पास से 05 लीटर हाथभटटी की कच्ची शराब बरामद की है। देहात पुलिस ने शंकर कॉलोनी निवासी गोपाल साहू के पास से 05 लीटर हाथभटटी की कच्ची शराब बरामद की है।

### युवक की उपचार के दौरान मौत, मर्ग दर्ज

**अशोकनगर।** जिले के देहात थाने के अंतर्गत ईसागढ अशोकनगर रोड़ पर अजय पुत्र किशनलाल आदिवासी उम्र 19 साल निवासी ककराई थाना शाढ़ौरा, ईसागढ रोड पर जेल के पास घायल अवस्था में मिला था जिसे उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया था यहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग का मामला दर्ज किया है मामले की जांच की जा रही है।

### नेशनल लोक अदालत का आयोजन आज होगा

**अशोकनगर।** नालसा नई दिल्ली के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अशोकनगर के द्वारा 09 मई को द्वितीय नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया गया है। जिसका औपचारिक शुभारंभ प्रातः 10.30 बजे एडीआर सेंटर के सभागृह में किया जायेगा।

### आज लोक अदालत में कर जमा करने पर छूट

**अशोकनगर।** नगर पालिका द्वारा आज 9 में शनिवार को लोक अदालत के शिविर के दौरान संपत्ति कर एवं जलकर के बकायदारो को बकाया जमा करने हेतु प्रेरित किया जा रहा है इस संबंध में नगर पालिका द्वारा अपील की गई है की संपत्ति कर एवं जलकर के बकायदार आज ही लोक अदालत के क्षेत्र में अपना बकाया जमा करें आगामी समय में नगर पालिका द्वारा बकाया तारों के नाम सार्वजनिक रूप से प्रकाशित किए जाएंगे।

### रावसर में तालाब का जीर्णोद्धार कार्य शुभारंभ



**अशोकनगर।** जनपद पंचायत अशोकनगर के ग्राम पंचायत रावसर में शुक्रवार को जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत प्राचीन तालाब का जीर्णोद्धार कार्य का श्रमदान कर शुभारंभ किया गया। शुभारंभ अवसर पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत राजेश जैन,जनपद पंचायत अशोकनगर सीईओ शैलेन्द्र यादव ,ग्राम पंचायत के सरपंच, जनपद सदस्य एवं ग्रामीणजन और ग्रामीण विकास विभाग के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

---

प्रभारी मंत्री ने जिला मुख्यालय में दो स्थानों का निरीक्षण किया

# ऊर्जा मंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री शुक्ला ने अस्पताल में मरीजों का जाना हालचाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर



मध्यप्रदेश शासन के नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा मंत्री तथा जिले के प्रभारी मंत्री राकेश शुक्ला आज अचानक जिला चिकित्सालय पहुंचे। मंत्री के इस औचक निरीक्षण से अस्पताल प्रबंधन और स्टाफ में हड़कंप की स्थिति रही। वहीं दूसरी ओर अस्पताल की बदहाली और आने वाली बदबू को छिपाने के लिए प्रबंधन द्वारा आनन फानन में रूम स्प्रे छिड़कने का मामला भी चर्चा का विषय बना रहा।

### मरीजों के बीच पहुंचे प्रभारी मंत्री

निरीक्षण के दौरान प्रभारी मंत्री सीधे आईसीयू वार्ड में पहुँचे, जहाँ उन्होंने भर्ती मरीजों से व्यक्तिगत रूप से चर्चा की। उन्होंने मरीजों का हाल-चाल जाना और उनके शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की। मंत्री ने वार्ड में साफ-सफाई और उपलब्ध सुविधाओं का भी सूक्ष्मता से अवलोकन किया। इस दौरान जब मंत्री जी के आगे आगे रूम स्प्रे छिड़कते हुए कर्मचारी नजर आए तब प्रबंधन अपनी नाकामी छिपाने की जुगत में लगा रहा, जब पत्रकारों ने अपने कैमरे में यह तस्वीरे कैद करने का प्रयास किया तभी सफाई मैनेजर विरोध करते हुए बाहर चला गया।

### उपचार और डॉक्टरों की मौजूदगी पर फीडबैक

प्रभारी मंत्री ने अस्पताल में मिल रहे इलाज की गुणवत्ता परखने के लिए मरीजों और उनके परिजनों से सीधा संवाद किया। उन्होंने विशेष रूप से निम्नलिखित बिंदुओं पर जानकारी ली डॉक्टरों की समय पर उपस्थिति, क्या चिकित्सक नियमित राउंड पर आ रहे हैं? उपचार की गुणवत्ता, अस्पताल द्वारा दी जा रही चिकित्सा सेवाओं से मरीज संतुष्ट हैं या नहीं? दवाओं की उपलब्धता, क्या अस्पताल से निःशुल्क



दवाइयां और जांच की सुविधा मिल रही है?

निरीक्षण के उपरांत प्रभारी मंत्री ने मौजूद प्रशासनिक अधिकारियों और सिविल सर्जन को निर्देशित किया कि मरीजों के उपचार में किसी भी प्रकार की कोताही न बरती जाए। उन्होंने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप प्रत्येक व्यक्ति को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा मिलना सुनिश्चित करना जिला प्रशासन की प्राथमिकता होनी चाहिए।

#### इनका कहना है

अस्पताल में भर्ती हर मरीज को बेहतर और समय पर इलाज मिलना चाहिए। डॉक्टरों की उपस्थिति और व्यवहार में संवेदनशीलता जरूरी है।

**राकेश शुक्ला** प्रभारी मंत्री अशोकनगर

## प्रभारी मंत्री ने उपार्जन केन्द्र का औचक निरीक्षण किया



हमारी सरकार किसान कल्याण की सरकार है किसानों को खरीदी केंद्रों पर रात गुजारने के लिए मजबूर न होना पड़े। जिले के प्रभारी मंत्री राकेश शुक्ला अपने दो दिवसीय दौरे के दौरान शनिवार सुबह अचानक नवीन कृषि उपज मंडी स्थित उपार्जन केंद्र पहुंचे। मंत्री को अचानक अपने बीच देख केंद्र पर हड़कंप मच गया। उन्होंने वहां मौजूद किसानों से सीधा संवाद किया और व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान जब प्रभारी मंत्री ने किसानों से उनकी समस्याओं के बारे में पूछा, तो किसानों ने अपनी व्यथा सुनाई। किसानों ने बताया कि उन्हें फसल बेचने के लिए दो से तीन दिनों तक केंद्र पर ही रुकना पड़ रहा है। वर्तमान में मौसम के बदलते मिजाज और बारिश की आशंका के बीच खुले आसमान के नीचे रात गुजारना उनके लिए बड़ी मुसीबत बना हुआ है।

### अधिकारियों को सख्त निर्देश देर रात तक करें तुलाई

किसानों की परेशानी सुनकर प्रभारी मंत्री ने मौके पर मौजूद कलेक्टर और अन्य जिम्मेदार अधिकारियों को कड़ी फटकार लगाई। उन्होंने स्पष्ट लहजे में कहा हमारी सरकार किसान कल्याण की सरकार है। किसानों को खरीदी केंद्रों पर रात गुजारने के लिए मजबूर न होना पड़े। यदि आवश्यकता हो तो देर रात तक तुलाई कार्य जारी रखें, लेकिन किसान को समय पर फ्री करें।

### धरातल की हकीकत संसाधनों की कमी और लेबर की किल्लत

जिले के अधिकांश उपार्जन केंद्रों पर अव्यवस्थाओं का बोलबाला है। सूत्रों की मानें तो कांटों की कमी अधिकांश केंद्रों पर महज दो या तीन तौल कांटे ही संचालित हो रहे हैं, जो भारी आवक के सामने न काफी हैं। कई केंद्रों पर लेबर न होने के कारण किसानों को खुद ही बोरियां भरनी पड़ रही हैं और तुलाई में मदद करनी पड़ रही है। मौसम की मार बदरा छाए होने के कारण किसानों को फसल भीगने का डर सता रहा है। प्रभारी मंत्री के सख्त तेवरों के बाद अब देखना यह होगा कि क्या जमीनी स्तर पर तुलाई की गति बढ़ती है और कांटों की संख्या में इजाफा होता है, या फिर व्यवस्थाएं भगवान भरोसे ही चलती रहेंगी।

---

शहर में निकाली गई कलश यात्रा

# जया किशोरी की शुरु हुई श्रीमद् भागवत कथा





बीना। खुरई रोड स्थित बगीचा में शनिवार से संगीतमय श्रीमद् भागवत भागवत कथा का शुभारंभ हुआ। कथावाचक जया किशोरी के द्वारा कथा का श्रवण कराया गया, जो 15 मई तक चलेगी। कथा से एक दिन पूर्व शुक्रवार को शहर के मारुति मंदिर से कलश यात्रा निकाली गई। जो ओवर ब्रिज होते हुए कथा स्थल पर पहुंची। शोभायात्रा से पूरा शहर भक्ति के रंग में रंगा नजर आया। कलश यात्रा की शुरुआत शहर के मारुति मंदिर से हुई। इस यात्रा में क्षेत्रीय विधायक निर्मला सप्रे स्वयं सिर पर कलश धारण कर शामिल हुईं, जबकि उनके पति डॉ. राजेश सप्रे श्रीमद् भागवत जी को अपने हाथों में लेकर चल रहे थे। उनके पीछे पीले वस्त्रों में सजी महिलाओं का हुजूम सिर पर कलश लिए जय श्री कृष्ण के नारे एवं भजनों को गुनगुनाते हुए चल रहे थे

### फूलों की वर्षा की गई

बैंड-बाजों और धार्मिक धुनों के बीच यह यात्रा सर्वोदय चौराहा और खुरई ओवरब्रिज से होते हुए करीब ढाई किलोमीटर का सफर तय कर कथा स्थल पहुंची। रास्ते भर विभिन्न धर्मों और वर्गों के लोगों ने यात्रा का स्वागत किया। भक्ति गीतों की धुन पर झूमते श्रद्धालुओं के कारण करीब एक घंटे तक शहर का माहौल आध्यात्मिक बना रहा।

### 15 तक ज्ञान की गंगा

खुरई रोड पर आयोजित इस संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा 9 मई से 15 मई तक चलेगी। आयोजन समिति ने सभी धर्मप्रेमी जनता से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर इस आध्यात्मिक लाभ को प्राप्त करने की अपील की है। कथा स्थल पर भीषण गर्मी को देखते हुए व्यापक इंतजाम भी किए गए हैं।

---

# मां अस्तित्व ही नहीं हृदय की आवश्यकता हैः प्रोफेसर शुभ्रा



**बीना।** मां अस्तित्व ही नहीं हृदय की आवश्यकता है प्रथम शिक्षा, प्रथम गुरु, प्रथम सुरक्षा का आवरण मां होती है मां का महत्व किसी से छुपा नहीं है। मां अनेकों कष्ट सहन करती है परंतु अपनी संतान को सुख पहुंचाती है। उक्त उद्गार शनिवार को संग्रहालय में आयोजित मातृ दिवस की पूर्व संध्या पर आयोजित गोष्ठी अपने जीवन में मां का योगदान विषय पर मुख्य अतिथि प्रोफेसर शुभ्रा शुक्ला ने कही।

कार्यक्रम के आयोजक राम शर्मा ने बताया की मां के माध्यम से हमने अनेकों ग्रंथ पढ़ लिए। मां अपने आप में एक महाकाव्य होती है। मां से बड़ा महाकाव्य दुनिया में कोई दूसरा नहीं है। मां सबसे पहले जागती है सबसे बाद में सोती है। किसी भी कीमत पर मां के ऋण को नहीं चुकाया जा सकता। आशीष तिवारी ने भी मां के कार्यों को बहुत महान बताया। स्नेहा जाटव अपने बताया की मां जन्म देने वाली हो या पालने वाली या संरक्षण देने वाली दोनों ही महत्वपूर्ण होती है श्री कृष्ण इसका उदाहरण है। निधि सुमन ने बताया कि दुनिया भर का प्यार मां में समाया होता है। सुषमा तिवारी ने मां पर एक कविता सुनाई। रिया व्यास ने मां के समर्पण को महान त्याग बताया। रितिका तिवारी ने बताया कि भारत एक मात्र ऐसा देश है जहां अपनी मां तो है ही साथ में गाय, गंगा, गीता, तुलसी माता और भारत माता भी पूजनीय है। इस अवसर पर रितिका पंथी, हरि शर्मा, यशस्वी पटेरिया, आयुषी जैन ने भी अपने विचार प्रकट किए।

---





# मेडिको लीगल केसेस विषय पर सीएमई का आयोजन संपन्न

बीना। विवेकानंद केंद्र बीना रिफायनरी हॉस्पिटल द्वारा मेडिको लीगल केसेस विषय पर सतत चिकित्सा शिक्षा (सीएमई) कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में गेस्ट स्पीकर के रूप में डॉ आरके सिंह एवं डॉ आरके सक्सेना, अमल्तास मेडिकल कॉलेज उज्जैन से विशेष रूप से उपस्थित हुए। अपने व्याख्यान में विशेषज्ञ चिकित्सकों ने विभिन्न मेडिको लीगल केसेस के उदाहरण प्रस्तुत करते हुए उपस्थित डॉक्टरों एवं पैरामेडिकल स्टाफ को ऐसे मामलों के दौरान बरती जाने वाली सावधानियों, आवश्यक दस्तावेजीकरण, कानूनी प्रक्रियाओं एवं महत्वपूर्ण बिंदुओं के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी प्रदान की। इस अवसर पर अतिथि वक्ताओं का स्वागत स्मृति चिन्ह एवं विवेकानंद साहित्य भेंट कर किया गया। कार्यक्रम के अंत में चिकित्सा अधीक्षक डॉ एके दीक्षित ने धन्यवाद प्रस्ताव प्रस्तुत करते हुए सभी अतिथियों एवं प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया।

---

न पुलिस चौकी बन पाई और न ही महिला थाना

# शहर के मध्य पुराना कोतवाली थाना परिसर का पुलिस विभाग नहीं कर पा रहा उपयोग





हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

शहर में जहां आम जनता का निवास है वहां बना हुआ पुराना कोतवाली थाना बंद पड़ा है, जहां आवादी कम है वहां थाना संचालित हो रहा है, जबकि थाना जनता के बीच होना चाहिए। पड़ौसी जिला गुना में कोतवाली थाना जहां था वहीं आज भी है लेकिन अशोकनगर का थाना शहर से बाहर शिफ्ट कर दिया गया है। जिससे यह थाना परिसर पूरा लावारिस पड़ा है, यहां एसबी शाखा चल रही है।

यह कोतवाली थाना अशोकनगर के बिल्कुल मध्य में है शहर में होने वाले सारे कार्यक्रमों और चल समारोह को लेकर कोतवाली थाना जहां है वहां से पुलिस यहां तक आती है, जबकि थाना अगर यहीं पर संचालित होता रहता तो कम से कम पुलिस की मौके पर ही मौजूदगी बनी रहती, लेकिन ऐसा नही हैं। पहले यहां थाना था ही साथ में टीआई का आवास भी हुआ करता था, अब यहां थाना नहीं है एसबी शाखा चल रही है जिसमें 3 कर्मचारी रहते हैं, वह अपने विभाग का काम करते रहते हैं। थाना यहां न होने से थाने के बाहर कहीं सब्जी विक्रेता दुकान लगा लेते हैं तो कही चाट पकौडी के ठेले लग जाते हैं, इसी थाने के बाहर से सारे चल समारोह निकलते हैं। पूरा स्थान लावारिस पड़ा है शहर के मध्य में इतनी महत्वपूर्ण जगह होने के बाद पुलिस विभाग इस जगह का कोई उपयोग नहीं कर पा रहा है। शहर की जनता लगातार मांग करती आ रही है कि अगर थाना बाहर चला गया है तो कम से कम पुलिस चैकी इस थाने के स्थान पर खोली जाए लेकिन तमाम तरह की मांग के बाद आज तक चैकी नहीं खुल पाई है, पुलिस अधिकारी कहते हैं कि वह पुलिस चैकी के निर्माण को लेकर प्रस्ताव भी मध्यप्रदेश पुलिस विभाग को भेज चुके हैं लेकिन वहां से कोई स्वीकृति नहीं मिली है।

शहर में जितने भी थाने खुले वह सब शहर से बाहर लग रहे हैं चाहे वह महिला थाना हो, या अजाक थाना हो, या यातायात थाना हो, सभी बाहर लग रहे हैं, जिले भर से महिला संबंधित अपराधों को लेकर आने वाली महिलाओं को शहर से बाहर जाना पड़ता है। यदि यही महिला थाना इसी पुराने थाने में खोल दिया जाता तो महिलाओं को सुविधा हो सकती थी लेकिन यह महिला थाना जहां पुलिस कट्रोल रूम है वहां पर लगाया जा रहा है। इस थाने की आगे से लेकर पीछे तक की भूमि का कोई उपयोग नहीं हो पा रहा है।

#### इनका कहना है

जिला मुख्यालय पर शहर के बीचोबीच जो पुराना कोतवाली भवन है इस भवन का उपयोग करने के लिए कईं बार पुलिस चैकी की मांग आई है हमारे द्वारा प्रस्ताव भी बनाकर पुलिस हेड क्वार्टर भेजे गए हैं लेकिन वहां से कोई स्वीकृति नहीं मिली है, वर्तमान में यहा एसबी शाखा चल रही है क्योंकि एसबी शाखा के लिए कोई भवन नही है, यहां महिला थाना खोला जाता है तो महिलाओं को शहर के बाहर तक नहीं आना जाना पड़ेगा।

**गजेन्द्र सिंह कंवर** अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अशोकनगर

---

जीवन का सारांश कृति का कृति का श्रावक श्रेष्ठी जनों ने किया विमोचन, सुधासागर महाराज बोले-

# धर्म के लिए कर्म मत करो कर्म करते धर्म करो, तभी सद्गति: मुनिश्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगावली

धर्म के लिए कर्म मत करो कर्म करते हुए धर्म करो तब ही सद्गति होगी। कमाया जाता है खर्च के लिए और उसी में से कुछ पैसे इकट्ठे करते चले जाते हैं वह आपकी पूंजी बन जाती है अलग से कोई पूंजी बनने की आवश्यकता नहीं है। वह तो अपने आप बनती चली जाएगी। ऐसे ही धर्म के लिए कर्म मत करो कर्म करते चले जाओगे तो धर्म तो अपने आप होगा ही। हम जो भी अच्छे भावों से करते चले जाते हैं वहीं हमारे धर्म की पूंजी बनकर सामने आती चली जाती है। उक्त आश्य के उद्गार मुनिश्री सुधा सागर जी महाराज ने सभागार में विशाल धर्मसभा को संबोधित करते हुए व्यक्त किए।

मध्यप्रदेश सभा संयोजक विजय धुर्रा ने बताया कि विगत दिनों जाने माने





साहित्यकार डॉ. के.एल जैन की नवीन कृति जीवन का सारांश का विमोचन परम पूज्य आध्यात्मिक संत निर्यापक श्रमण मुनि पुंगव श्री सुधासागरजी महाराज के सान्निध्य में प्रोफेसर डॉ के एल जैन अन्य विशिष्ट जनों द्वारा किया गया। प्रोफेसर डॉ के एल जैन आचार्य श्री ज्ञानसागर जी महाराज आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज आचार्य श्री विराग सागर जी महाराज सहित अन्य अनेक संतों पर 32 से अधिक पीएचडी और शोध प्रबंध प्रस्तुत कर चुके हैं इस दौरान समाज के प्रमुख जनो ने सभी का सम्मान किया।

मुनि श्री ने कहा कि आप लोग कमाते हों सो टेक्स देते हो कोई राष्ट्र पर एहसान नहीं कर रहे। आप लोगों की राष्ट्र भक्ति ऐसी तो बिल्कुल नहीं है जो राष्ट्र की सेवा करने के लिए धन कमाने में लगे हो हमारे चातुर्मास कराने के लिए मत कमाना। गुरु के लिए नहीं कमाना साधु के लिए भोजन बनाना दोष है आप अपने लिए भोजन बना रहे हैं तो साधु का पढगाहन कर लेना। हमें पता चल जाये कि आपके परिवार का उपवास है और आपने महाराज के लिए आहार करा दिया तो हमें प्रयाश्चित लेना पड़ेगा। आप महाराज के लिए कुएं से पानी भर कर नहीं ला सकते आप अपने लिए ला रहे हो तो आप ला सकते हैं।

### आज भी मुंगावली में ऐसा लगता है कि अभी चातुर्मास हुआ

उन्होंने कहा कि आज भी मुंगावली में ऐसा लगता है कि अभी चातुर्मास हुआ है। सब को पता है पैंतीस साल पहले मुंगावली में चातुर्मास हुआ था लेकिन नगर वासियों की भक्ति आस्था और श्रद्धा को पार करना आसान नहीं है जैसे ही स्पीड वैकर आता है तो आप लोग अपनी गाड़ी को धीमा कर लेते हैं ऐसे ही हम भी अपनी गाड़ी को धीमा कर लेते हैं। आपके भावों को समझते हैं ऐसी बात नहीं है कि हम नहीं समझते। मेरा जो भी उपदेश होता है वो मेरे अपने भक्तों के लिए होता है। यह प्रवचन ऐसे ही नहीं आ गये मेरे गुरु ने कितनी मेहनत की गुरु का एक एक क्षण कितना कीमती रहा होगा।